# पड़ोसी की हत्या में दंपति व पुत्र को आजीवन कारावास

## एक साल पहले हुई वारदात में सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



● सभी पर 11-11 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया

**अमृत विचार**। पड़ोसी को घर से घसीटकर उसका गला काटकर मौत के घाट उतारने के मामले में दोषी दंपति और उसके पुत्र को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीनों दोषियों पर कोर्ट ने अर्थदंड भी लगाया।

अभियोजन पक्ष की ओर से प्रभावी पैरवी के चलते एक साल पहले हुई वारदात के दोषियों को सजा मिल गई। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि इस हत्याकांड में कड़ैहा पुरवा, सर्दी खुर्द निवासी हेतलाल आदिवासी ने बरगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भतीजा रामकैलाश (46) एक मई 2023 की रात घर में था। इसी दौरान पड़ोसी धर्मराज आदिवासी अपने पिता समरजीत और मां सरोज देवी के साथ दरवाजे पहुंचा और गालीगलौज करने लगा। विरोध करने पर तीनों रामकैलाश को घसीटकर अपने घर के दरवाजे तक ले गए। समरजीत व सरोज ने रामकैलाश को पकड़ लिया और धर्मराज ने हसुवा से उसकी गर्दन पर जानलेवा वार कर दिया ,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजकर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।

एक साल पहले हुए इस हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते अब तक तीनों हत्यारोपियों की जमानत भी नहीं हो सकी थी। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने दोषसिद्ध धर्मराज, उसके पिता समरजीत व मां सरोज देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और प्रत्येक को 11-11 हजार रुपये का अर्थदंड भी दिया।



जानकारी लेते पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास साथ में डीएम और एसपी।

# पुलिस प्रेक्षक ने देखा स्ट्रांग रूम और दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार**। लोकसभा चुनाव के पुलिस प्रेक्षक जॉय विश्वास ने शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए।

पुलिस प्रेक्षक ने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके बाद अधिकारी राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर स्थित स्ट्रांग रूम पहुंचे और ईवीएम एवं निर्वाचन संबंधी सामग्री के जमा कराए जाने संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह, चौकी प्रभारी सीतापुर गौरव तिवारी आदि मौजूद रहे।

# एचटी लाइन दे रही हादासों को दावत

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● अस्पताल परिसर के ऊपर से निकली है एचटी लाइन

● बीते दिन लगी आग से निष्प्रयोज्य खड़े वाहन भी हुए क्षतिग्रस्त

**अमृत विचार**। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आवासीय भवनों के पास से गुजरी हाईटेंशन तारों के टकराने से निकली चिंगारी से अस्पताल परिसर में खरपतवार में आग लग गई। परिसर में निष्प्रयोज्य खड़ी गाड़ियों में भी आग से अफरातफरी का माहौल बन गया। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. दिनेश सिंह ने बताया कि हाईटेंशन लाइन को हटवाने के लिए वह कई पत्राचार कर चुके हैं पर कुछ नहीं हुआ।

बीते दिन स्वास्थ्यकर्मियों के आवास के सामने से निकली हाईटेंशन विद्युत तार हवाओं के चलते आपस मे टकरा जाने से निकली चिंगारी से वहां पर पड़े खरपतवार में आग लग गई। लपटें अस्पताल के पीछे खड़ी गाड़ियों तक पहुंच गईं। इससे पूरे अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। पास में लगे हैंडपंप से आग बुझाई गई। डॉ. सिंह ने बताया कि अस्पताल में आवासीय भवनों के पास से हाईटेंशन तार निकले होने से खतरा मंडराता रहता है। बच्चे भी उसी मैदान में खेलते हैं।



अस्पताल परिसर के ऊपर से निकले तार। अमृत विचार

तारों को हटवाने के लिए शासन और प्रशासन को सूचित किया जा चुका है पर सुनवाई नहीं हो रही। कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

## एक नजर

### मप्र के लोगों की कार बरामद

**सीतापुर (चित्रकूट)**। जानकीकुंड इलाज कराने आए मप्र के वाशिंदों की लूटी गई कार बरामद हो गई। कार मारकुंडी थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़ी मिली। गौरतलब है कि मप्र के टीकमगढ़ जिले के दिगौड़ा गांव निवासी रामकिशोर सोनी मंगलवार को अपने समधी की आंख का इलाज कराने आए थे। रघुवीर मंदिर के पास बाइक सवार तीन लोग उनकी कार, चेन और नकदी लूटकर भाग गए थे। बदमाशों की तलाश में एमपी-यूपी की पुलिस टीमें लगी थीं। सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने एसडीओपी चित्रकूट रोहित राठौर की अगुवाई में टीम गठित की थी। शुक्रवार को मप्र की सीमा पर मारकुंडी थाना क्षेत्र के बंबिया गांव के पास ग्रामीण इलाके में बदमाश डिजायर (कार) खड़ी करके भाग गए।

### मोबाइल बरामद कर मालिक को सौंपा

**चित्रकूट**। 28 मार्च को कैलाश चंद्र शुक्ला ने कोतवाली में मोबाइल खो जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। एसआई राहुल पांडेय ने लोकेशन पता कर मोबाइल बरामद कर लिया।

# कोल्हुआ में लगी आग से तबाह हो गए ग्रामीणों के सपने

**मुसीबत**

अभिनव राज त्रिपाठी,मऊ (चित्रकूट)

**अमृत विचार**। गुरुवार को धवाड़ा मजरा कोल्हुआ में लगी आग ने लगभग एक दर्जन परिवारों को तबाह कर दिया। इनकी आंखों के सामने आशियाने धू धूकर जलते रहे और ये कुछ न कर सके। आलम यह है कि इनके पास न बिस्तर-कपड़े बचे, न अनाज बचा और न ही छत बची है। शुक्रवार को भी ये अपने जले घरों को देखते मायूस नजर आए। कई तो आपबीती बताते-बताते रो पड़े।

अपनी अधजली किताबों के पन्ने इकट्ठे करते सात साल के शिवा को इस बात की चिंता थी कि वह स्कूल कैसे जाएगा। वहीं सत्तर वर्षीय एक वृद्धा ने बताया कि उसका बेटा टीबी का मरीज है। साहूकारों से इलाज के लिए कर्जा भी ले रखा है। कुल जमा पूंजी राख हो गई। आंखों के सामने बर्बादी का मंजर देख वृद्धा की तबीयत बिगड़ गई। एक अन्य अग्निपीड़ित ने बताया कि वह भी कुछ वर्षों से टीबी का मरीज है।



अपनी अधजली किताबें दिखाते बच्चे। अमृत विचार





आग से जली पड़ी गृहस्थी।

### जल गईं किताबें, कैसे होगी पढ़ाई और तैयारी

कांस्टेबल के पद की तैयारी कर रही रंजना बताती है कि घर पर अचानक लगी आग से अफरातफरी मच गई। हम जरूरत की चीजें भी नहीं निकाल पाए। बीए सेकेंड इयर की छात्रा रंजना कहती हैं कि वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी करती है आग से उसकी सारी किताबें जल गईं। वहीं प्राथमिक विद्यालय मैदाना में पढ़ने वाले बच्चे शुभम, शिवानी कक्षा चार पुत्री भइयन, शिवा कक्षा तीन पुत्र शिवशंकर, अमिता कक्षा छह, अभिषेक कक्षा चार, अर्जुन कक्षा तीन व भोला के बच्चे शांति कक्षा बारह, शिवगणेश कक्षा दस, उमेश कक्षा दस आदि भी पाठ्यपुस्तकें आग की भेंट चढ़ने से मायूस नजर आए।

### आग बुझाने के दौरान ग्रामीण का टूट गया पैर

आग के विकराल रूप को देखकर बदहवास ग्रामीण बुझाने के लिए दौड़ पड़े। इस दौरान आग बुझाते समय नन्हू घर की दीवार से गिर गया, जिससे उसका पैर टूट गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए।

### बीमारों की करेंगे मदद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ के चिकित्साधीक्षक डॉ. हारून ने बताया कि टीबी के मरीजों का सरकार की तरफ से मुफ्त इलाज के साथ साथ मरीज के लिए एक निश्चित सहायता राशि दी जाती है। बीमार व्यक्ति अस्पताल आएं नियमानुसार चिकित्सा संबंधी उनकी मदद की जाएगी। वहीं ग्राम प्रधान ढेरवार दिनेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि अग्निपीड़ितों को हर संभव मदद दिलाए जाने की कोशिश की जाएगी।

# समस्या: जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● सभासद प्रतिनिधि ने डिप्टी सीएम को दिया ज्ञापन

**अमृत विचार**। जनपद में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बुरा हाल है। 12 लाख की आबादी के लिए संचालित जिला अस्पताल दशकों से चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। जिला अस्पताल रेफर सेंटर बन गया है। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को दूर करने व अन्य सुविधाओं को संचालित कराए जाने के लिए मुख्यालय आए उप मुख्यमंत्री को सभासद प्रतिनिधि बउआ ठाकुर ने ज्ञापन सौंपा। उप मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया है।

जिला मुख्यालय में संचालित जिला पुरुष व महिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का खस्ताहाल है। जिला पुरुष अस्पताल में 25 पदों के सापेक्ष केवल 12 चिकित्सक ही यहां तैनात है। 13 पद लंबे समय से खाली चले आ रहे है। जबकि महिला अस्पताल में आठ पदों के सापेक्ष तीन पद रिक्त चल रहे है। इसके अलावा 16 पद कर्मचारियों के रिक्त पड़े है। इसके साथ ही कई वर्षो से रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली चल रहा है। जिससे अल्ट्रासाउंड की मशीन धूल फांक रही है। जबकि जिला अस्पताल में एक भी सर्जन नहीं है। यहां दस वर्ष पूर्व बनकर तैयार हुई नेत्र ओटी भी अभी तक संचालित नहीं हो सकी। उन्हें बाहरी जनपदों में जाना पड़ता है। इन्हीं समस्याओं को लेकर सभासद प्रतिनिधि बउवा ठाकुर ने लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करने आए उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। उपमुख्यमंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए समाधान का आश्वासन दिया है।

# जो धर्म को नहीं मानता वह अधर्मी है

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● पवित्र तीर्थस्थल है तुलसीदास की जन्मस्थली : आचार्य

● भागवत कथा सुनने को उमड़ रही है भारी भीड़

**अमृत विचार**। सिद्ध आश्रम खोहरा बाबा में श्रीमद्भागवत पुराण ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन शुक्रवार को कथावाचक डॉ. श्यामसुंदर पारासर ने गोस्वामी तुलसीदास की जन्मस्थली पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह पवित्र तीर्थ है और यहां आने पर एक अलौकिक अनुभूति होती है।



कथावाचक डॉ. श्यामसुंदर पारासर।

उन्होंने कहा कि जो धर्म को नहीं मानता वह अधर्मी कहलाता है। आनंद ब्रह्मस्वरूप है, जहां माया है, वहां आनंद नहीं दिखाई पड़ता। हृदय में आनंद का वास है, अज्ञानतावश नजर नहीं आता। उन्होंने सद्गुरु की महिमा का भी बखान किया। कहा कि सद्गुरु द्वारा जब अंधकार का नाश हो जाता है, तब परमात्मा के दर्शन होते हैं।

उन्होंने समझाया कि मन सांसारिक भोगों में लग गया तो फंस गया और अगर प्रभु के चरणों में लग गया तो जीवन सफल हो गया। कथा के जजमान यजमान प्रभास्कर दत्त द्विवेदी व पत्नी सुधा द्विवेदी हैं।



कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। अमृत विचार

# रीडिंग लेने को आये युवकों के साथ मारपीट

**कुरारा (हमीरपुर)**। सदर तहसील के कुछेछा निवासी मीटर रीडर करण सिंह, लाइन स्टाफ मुन्ना, शिवराज सिंह, अवधेश कुमार, मनीष कुमार सहित राघवेंद्र ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार की दोपहर 3:15 बजे पूरा स्टाफ मिश्रीपुर गांव बिजली मीटर रीडर निकालने गए थे। जहां मिश्रीपुर गांव निवासी श्यामदास पुत्र भगवानदीन के मीटर की रीडिंग निकालने पहुंचे तो उनके द्वारा मीटर से बिल न बताने देने को कहते हुए गाली गलौज करने लगे। साथ ही पास में पड़े डंडे से शिवराज सिंह व करण सिंह पर हमला कर दिया। जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। सभी स्टाफ ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए दबंग ग्रामीण के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# बारिश के पहले होगा नालियों का निर्माण

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार**। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र ने कहा है कि जल्द से जल्द नगर के लोगों को बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा। शुक्रवार को वार्ड नं 4 कारखाना निवासी संतोष गुप्ता के द्वारा लगाए गए प्याऊ का उद्घाटन किया।

इस मौके पर समाजसेवी सुनील कुमार मिश्र भी मौजूद रहे। नपंअ ने कहा कि भीषण गर्मी होने पर कई स्थानों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराई गई है। आगामी बारिश के पहले नालियों का निर्माण कराया जा रहा है। पेयजल, विद्युत और प्रकाश के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है और विस्तारित क्षेत्र के वार्डों में भी शहर जैसी सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। बताया कि वार्ड नंबर 13 रामनगर में पानी की निकासी के लिए लगभग 65 लाख रुपये की लागत से नाला बन रहा है। तुलसीनगर में लगभग 13 लाख रुपये से सड़क और नाली का निर्माण हो रहा है। एकलव्य नगर में नाली निर्माण, सराय तलैया से सब्जी मंडी चौराहे तक नाला निर्माण का कार्य अविलंब शुरू किया जाएगा। संतोष कुमार गुप्ता ने तिरहार क्षेत्र में भी प्याऊ की आवश्यकता बताई। बताया कि कई बार अधिशासी अधिकारी बी एन कुशवाहा से नगर पंचायत से निःशुल्क प्याऊ लगवाने के लिए कहा गया। इस अवसर पर संतोष गुप्ता, संतोष कुमार मिश्रा, सौरभ मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, सत्यवीर सिंह, संतोष आदि रहे।



प्याऊ का उद्घाटन करते नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्र। अमृत विचार

● नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया प्याऊ का उद्घाटन

● जल्द मिलेगा मूलभूत सुविधाओं का लाभ : संजीव मिश्र

# सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

**सीतापुर (चित्रकूट)**। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के ग्रामीण विकास एवं व्यवसाय प्रबंधन संकाय में एसोसिएट प्रो. डॉ. राजेश त्रिपाठी शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर उन्हें समारोहपूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. भरत मिश्रा, प्रो. कपिल देव मिश्रा, प्रो. नंदलाल मिश्रा आदि रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मचारी के निधन पर जताया शोक

**मौदहा**। राजस्व विभाग में लम्बे समय तक विभिन्न पदों पर कार्य कर चुके सेवानिवृत्ति 92 वर्षीय द्वारका प्रसाद शिवहरे की वृद्धावस्था और बीमारी के चलते मौत हो गई। शुक्रवार को उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग रहे।

**सियासत** लगभग पंद्रह साल बाद किसी प्रमुख पार्टी ने महिला को बनाया अपना प्रत्याशी

# कृष्णा के चुनावी मैदान में आने से लड़ाई हुई रोचक

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार**। समाजवादी पार्टी से कल तक प्रत्याशी रहे शिवशंकर सिंह पटेल की जगह उनकी पत्नी कृष्णा पटेल को उम्मीदवार घोषित किया जाना बांदा चित्रकूट लोकसभा सीट के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। लगभग पंद्रह साल बाद इस सीट से कोई महिला उम्मीदवार मैदान में हैं। आधी आबादी की प्रतिनिधि के मैदान में आने से चुनावी समीकरण गड़बड़ा सकते हैं। हालांकि बांदा-चित्रकूट सीट से सिर्फ एक बार महिला प्रत्याशी को संसद पहुंची हैं।

कांग्रेस पार्टी से 1962 में प्रत्याशी रहीं सावित्री निगम ने तब लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया था। इसके बाद महिला सशक्तिकरण की बड़ी बड़ी बातें करने वाले तमाम बड़े राजनीतिक दलों ने फिर एक बार को छोड़कर कभी आधी आबादी की उम्मीदवार को मैदान में उतारने का साहस नहीं किया। हालांकि भाजपा को इसके लिए ज्यादा नंबर देने चाहिए कि उसने 2009 में अमिता बाजपेयी को टिकट तो दिया था, लेकिन तब सपा के टिकट से आरके सिंह पटेल को विजयश्री हासिल हुई थी। पिछले दिनों शिवशंकर सिंह पटेल ने प्रेसवार्ता करके जानकारी दी थी कि उन्होंने अपनी पत्नी के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया है। पत्नी कृष्णा पटेल के संबंध में उन्होंने बताया कि तबीयत की वजह से आलाकमान ने उनसे उनकी पत्नी का भी पर्चा दाखिल कराने का निर्देश दिया है, तब से ही कयास लगाए जा रहे थे कि कृष्णा अंततः सपा प्रत्याशी हो सकती हैं। बहरहाल, जहां कृष्णा पटेल को टिकट मिलने से सपाई खेमे में नए उत्साह का संचार हुआ है, वहीं दूसरे दलों के प्रत्याशियों के समीकरण गड़बड़ाते नजर आ रहे हैं। कृष्णा पहले जिला पंचायत अध्यक्ष बांदा रह चुकी हैं और ऐसे में उनको राजनीति में नया भी नहीं कहा जा सकता। देखना रोचक होगा कि पहले से ही चर्चा में रही बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट में कृष्णा के मैदान में आने से किसके समीकरण गड़बड़ाते हैं और किसके सधते हैं।



सावित्री निगम।



अमिता बाजपेई।




### महिला वोटरों की संख्या लगभग 46 फीसद

जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में बांदा-चित्रकूट लोकसभा सीट से महिला वोटरों की संख्या कुल मतदाताओं का 45 .92 प्रतिशत यानी 9,46,988 है। चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में 1,78474, मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र में 1,63,019 महिला मतदाता हैं। इनके अलावा बांदा में 1,44,267, तिंदवारी में 1,46,822, बबेरू में 1,54,134, नरैनी में 160,272 मतदाता हैं।

### आज भी आरके के सामने महिला प्रत्याशी

समय का चक्र देखिए कि 2009 में भाजपा प्रत्याशी अमिता बाजपेई जब चुनाव मैदान में थीं तो उनके सामने सपा प्रत्याशी के रूप में आरके सिंह पटेल थे। तब आरके ने जीत का परचम लहराया था और आज भी आरके सांसद हैं और वह भाजपा के प्रत्याशी हैं वहीं महिला उम्मीदवार के रूप में अब उनके सामने सपा प्रत्याशी कृष्णा पटेल हैं।

# विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

**मऊ (चित्रकूट)**। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर युवा पत्रकारों विपुल पांडेय एवं विकास द्विवेदी के आयोजकत्व में गोष्ठी हुई। इसमें अभिनव राज त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज के सबसे सजग प्रहरी हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व पर विचार करने और उन पत्रकारों को याद करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने सच को उजागर करने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। बताया कि इस साल की थीम 'ए प्रेस फॉर द प्लैनेटः जर्नलिज्म इन द फेस ऑफ द एनवायर्नमेंटल क्राइसिस' है। पत्रकारों के काम को सम्मान देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, पवन रस्तोगी, विकास, विपुल, नरेंद्र खरे, हर्षित, लकी जायसवाल, अर्चित शुक्ला, शुभम द्विवेदी, अंकित त्यौंथा, शादाब गनी, राजू अग्रहरि, प्रकाश, राजा शुक्ला, श्रेयांश बाजपेई रहे।

# जेई पर लगाये अनियमितता के आरोप

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● जेई ने कहा मेरे ऊपर लगाये गये सारे आरोप गलत

**अमृत विचार**। तिरहार इलाके में स्थापित भदेहदू पावर हाउस के बिजली उपभोक्ताओं और संविदाकर्मियों ने अवर अभियंता पर अनियमितता का आरोप लगाया है। उधर, जेई का कहना है कि लाइनमैन साजिश करके ग्रामीणों से झूठे आरोप लगवा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि भदेहदू फीडर में अवर अभियंता व संविदा कर्मचारियों के बीच तालमेल न बैठने से आयेदिन बिजली गुल रहती है। संविदाकर्मी कौशल पटेल, राममूरत निषाद, सीताराम व रामबाबू, चुनकू सिंह, अमृतलाल, मनीष द्विवेदी, सूरज, राकेश सिंह आदि उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री सहित विद्युत विभाग के आला अफसरों को इस संबंध में पत्र भेजा है। इनका कहना है कि अवर अभियंता ने खोंपा गांव में लगे 10 केवीए के ट्रांसफार्मर को स्थानांतरित कर खोंपा पुल के पास लगा दिया है। इससे एक उपभोक्ता को लाभ पहुंचाया जा रहा है। इसी प्रकार धौरहरा बालू घाट से एक ट्रांसफार्मर को देवारी पुल के पास एक उपभोक्ता की वेल्डिंग मशीन चलाने के लिए शिफ्ट किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसका कोई इस्टीमेट नहीं बनाया गया। इसी प्रकार बक्टाखुर्द में ट्रांसफ़ार्मर के लिए इस्टीमेट न होने के बाद भी निजी लोगों को लाभ दिलाने के उद्देश्य से लगा दिया गया है। ग्रामीणों ने देवारी बांगर के पुल से 200 मीटर की दूरी पर ट्रांसफॉर्मर खंभा और तार भी ग्रामीण लोगों से मिलीभगत कर बिना इस्टीमेट के लगाने के आरोप लगाए हैं। बताया कि चांदी गांव में लगा ट्रांसफार्मर को बिना किसी अधिकारी के आदेश के उठवाकर अन्यत्र कहीं लगवा दिया गया है। इससे गांव में अंधकार छाया रहता है। उधर, अवर अभियंता भदेहदू, खोंपा करन सिंह का कहना है कि संविदाकर्मी लाइनमैन कौशल पटेल, सीताराम, राममूरत का लाइन में काम न करने के कारण वेतन बिल नहीं बनाया, जिससे तीनों नाराज होकर साजिश के तहत ग्रामीण उपभोक्ताओं से झूठी फर्जी और मनगढ़ंत शिकायतें करा रहे हैं। जेई का कहना है कि इन्हीं लाइनमैनों की लापरवाही के चलते तिरहार क्षेत्र के दर्जनों गांव फाल्ट होने के कारण अंधकार में डूबे रहते हैं। उनका कहना था कि मुझे बदनाम करने के लिए साजिश व षड्यंत्र के तहत झूठी शिकायतें कराई जा रही हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में तीन की मौत

## सिकरी गांव मोड़ के पास हुआ हादसा, मृतकों में दो सगे भाई, दो ने मौके पर तो एक ने कानपुर पहुंचने से पहले तोड़ा दम

संवाददाता,कमासिन



हादसे का शिकार हुए युवक।

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ही सिकरी गांव मोड़ के पास तेज रफ्तार बोलेरो की सामने से आ रही बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरे ने कानपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे में जान गंवाने वालों में दो सगे भाई हैं। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कस्बा के सब्जी मंडी निवासी गुलाम मोहम्मद (21) अपने छोटे भाई जकी अहमद उर्फ रज्जू (13) और पड़ोसी कमलेश साहू (26) पुत्र केदारनाथ साहू सब्जी का धंधा करते थे। गुरूवार को थाना क्षेत्र के मुसीवां गांव में लगने वाली सप्ताहिक बाजार में सब्जी बेचने के बाद देर रात तीनों एक ही बाइक पर गांव लौट रहे थे। थाना क्षेत्र के ही सिकरी गांव मोड़ के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक में सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में गुलाम मोहम्मद और कमलेश की मौके पर मौत हो गई। जबकि जकी अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद बोलेरो मौके पर छोड़कर चालक फरार हो गया। हादसे के बाद पीछे से लो"डर लेकर आ रहे मृतक गुलाम के बड़े भाई गुलाब ने जकी अहमद को गंभीर हालत में नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में हालत नाजुक होने पर उसे कानपुर भेज दिया। परिजन उसे कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही घरवालों में कोहराम मच गया। मृतकों के परिजनो के मुताबिक तीनों सब्जी का कारोबार करते थे। मृतक जकी अहमद कस्बा स्थित विनोबा इंटर कॉलेज में आठवीं का छात्र था। जबकि मृतक कमलेश व गुलाम मोहम्मद पढ़ाई बंद कर सब्जी का कारोबार करने लगे। पुलिस ने पंचनामा के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष ऋषि देव सिंह ने बताया कि बोलोरो चित्रकूट जनपद की है। हादसे के बाद बोलेरो घटनास्थल पर छोड़कर चालक मौके से फरार हो गया। बोलेरो को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

● सब्जी बेचकर एक ही बाइक पर तीनों लौट रहे थे अपने घर

### पुत्रों के शव देख बदहवास हुई मां

- बोलेरो-बाइक की भिड़ंत में गुलाम मोहम्मद और जकी अहमद उर्फ रज्जू की की मौत की खबर मिलते ही मां जरीनाबानो बदहवास हो गई। गश खाकर वह बेहोश हो गई। घर और पड़ोस की अन्य महिलाओं ने पानी के छीटे मारकर होश में लाया। रह-रहकर मां लोगों से पुत्रों को वापस बुलाने की मिन्नतें करती रही। मां को क्या मालूम था कि उसके अपने दोनों पुत्रों से यह आखिरी मुलाकात है। मौत की खबर मिलते ही पूरे कस्बे में सन्नाटा पसर गया।

### बाइक पर तीन सवारी, जिंदगी पर पड़ रही भारी

- बाइक एक और सवारियां एक, दो नहीं बल्कि तीन से चार तक। दो सवारियों की बाइक पर तीन से चार सवारियां चल रहीं हैं, वह भी बिना हेलमेट के, जिससे जान का खतरा बढ़ रहा है। कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकीं हैं और जान भी जा चुकी है, लेकिन लोग हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं। तीन से चार सवारी बाइक सवार दौड़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि यातायात पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही हो। यातायात पुलिस व सिविल पुलिस की ओर से जिले भर में रोजाना ही बिना हेलमेट एवं दुपहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी लेकर चलने पर चालान किया जा रहा है, लेकिन नियमों के उल्लंघन करने को जिले के ज्यादातर लोग अपनी शान मानते हैं। जिसका खामियाजा कई बार दुर्घटना के रूप में भुगतना पड़ रहा है।

### यातायात नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

- सड़कों पर यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाई जाती हैं। पुलिस और परिवार विभाग मूकदर्शक बना रहता है। इसीलिए हादसों का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। शायद ही कोई दिन गुजरता है, जब सड़क हादसा न होता हो। प्रत्येक वर्ष सैकड़ों लोग बेमौत मारे जाते है। अधिकांश लोग जानबूझकर नियमों की अनदेखी करते हैं। परिवहन विभाग और पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान के बावजूद लोग यातायात नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। यातायात माह की भी लोग परवाह नहीं कर रहे। जागरूक करने के बावजूद जिले की सड़कों पर बिना हेलमेट के ही ज्यादातर लोग सुरक्षा नियमों की अनदेखी करते हैं।

# नामांकन के आखिरी दिन बसपा समेत 12 प्रत्याशियों ने की अपनी दावेदारी

कार्यालय संवाददाता,बांदा



नामांकन करने जाते बसपा उम्मीदवार मयंक द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की अंतिम तारीख पर पर्चा भरने वालों में होड़ मच गई। बसपा के उम्मीदवार मयंक द्विवेदी ने जहां शुक्रवार को लावलश्कर के साथ अपना चौथा सेट दाखिल किया। वहीं अपना दल कमेरावादी समेत 11 और उम्मीदवारों ने अपना पर्चा भरा। अब तक कुल 24 उम्मीदवारों ने 40 सेटों में अपने नामांकन किए हैं।

बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट पर नामांकन प्रक्रिया शुरू होने के साथ लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां जोर पकड़ती जा रही हैं। शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख थी। ऐसे में सभी संभावित उम्मीदवार जल्द से जल्द से अपना पर्चा दाखिल कर दावेदारों की सूची में शामिल होने को आतुर दिखाई पड़े। शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मयंक द्विवेदी ने नामांकन जनसभा और भारी भरकम लाव लश्कर के साथ अपना पर्चा दाखिल किया। हालांकि मयंक इसके पहले तीन सेटों में नामांकन भर चुके हैं। शुक्रवार को उन्होंने अपने नामांकन का चौथा सेट भी दाखिल कर दिया। इसके अलावा अपना दल कमेरावादी के प्रमोद कुमार आजाद, विकास इंडिया पार्टी मोहनलाल, इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के उमेश, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के दिनेश कुमार पटेल समेत निर्दलीय रामसजीवन, प्रकाश चंद्र जायसवाल, अब्दुल सुब्हान नोमानी, विजय प्रकाश दास, अरविंद, राजकुमार ने अपना पर्चा दाखिल किया। जबकि लोग पार्टी के बाबूलाल ने भी अपने एक और सेट में नामांकन भरा। नामांकन के आखिरी दिन तक बांदा लोकसभा सीट से कुल 24 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी ठोंकी है। हालांकि चुनाव की असली तस्वीर नाम वापसी की तिथि 6 मई को ही सामने आ सकेगी। नामांकन दाखिल करने से सभी उम्मीदवारों और उनके समर्थकों को पुलिस की सघन जांच पड़ताल से गुजरना पड़ा और निर्धारित संख्या के अनुसार ही समर्थकों को नामांकन स्थल के अंदर प्रवेश मिल सका।

● अब तक भाजपा, सपा, बसपा समेत कुल 24 ने किया नामांकन

# प्रेक्षक ने नामांकन स्थल का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बांदा



नामांकन स्थल का निरीक्षण करतीं प्रेक्षक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संसदीय क्षेत्र में चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सकुशल सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल, कंट्रोल सेंटर आदि कई अन्य पटलों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने सी-विजल एप पर मिलने वाली चुनाव से संबंधित शिकायतों के संबंध में जानकारी लेते हुए समय से निस्तारण करने के निर्देश दिए।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बांदा-चित्रकूट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव सकुशल व निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक वी.कलाइराशि आईएएस ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल, नामांकन कक्ष व नामांकन से संबंधित प्रक्रिया, व्यवस्था, डिस्ट्रिक कंट्रोल सेंटर (डीसीसी), सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष, काल सेंटर तथा मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) सेल का निरीक्षण किया। प्रेक्षक ने कंट्रोल सेंटर, सी-विजल एवं शिकायत अनुवीक्षण नियंत्रण कक्ष एवं कॉल सेंटर में निर्वाचन से संबंधित प्राप्त हो रही शिकायतों के संबन्ध में मौजूद अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। शिकायतों का प्रतिदिन निस्तारण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सी-विजल ऐप के माध्यम से प्राप्त हो रही शिकायतों की प्रक्रिया एवं निस्तारण करने तथा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा किये जा रहे कार्यों के संबंध में भी जानकारी लेते हुए निस्तारण अभिलेखों को देखा। उन्होंने मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनीटरिंग कमेटी सेल द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में नोडल अधिकारी एमसीएमसी से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के समय जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने लोकसभा चुनाव से संबंधित कार्यों व व्यवस्थाओं की जानकारी प्रेक्षक को दी। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार, प्रभारी अधिकारी एमसीसी अमिताभ यादव, नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण विनोद कुमार, नोडल अधिकारी एमसीएमसी मनोज श्रीवास्तव व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मयंक ने मोदी-योगी के साथ इंडिया गठबंधन पर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता,बांदा



नामांकन के बाद जनसभा में शामिल बसपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बसपा के अधिकृत उम्मीदवार मयंक द्विवेदी ने शुक्रवार को भारी लाव लश्कर के साथ अपने नामांकन का चौथा सेट दाखिल किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों और इंडिया गठबंधन की कमजोरियों का उन्हें फायदा मिल रहा है और वह बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट की जनता के सहयोग से भारी जीत दर्ज कराने जा रहे हैं।

बांदा-चित्रकूट संसदीय सीट का चुनाव अब धीरे-धीरे रोचक होता जा रहा है और चुनाव का खुमार आम जनता के सिर चढ़ कर बोलने लगा है। इसकी बानगी सत्ताधारी भाजपा समेत सभी प्रमुख दलों की सभाओं में देखने को मिली है। नामांकन की आखिरी तारीख शुक्रवार को बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार मयंक द्विवेदी ने नामांकन का चौथा सेट दाखिल किया और शहर के जीआईसी मैदान में जनसभा का आयोजन किया। इसमें जहां बसपा के दिग्गजों ने सत्ताधारी भाजपा पर जमकर निशाना साधा, वहीं इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथ लिया। बसपा के मंडल कोआर्डिनेटर बल्देव वर्मा, लल्लू निषाद, बांदा जिलाध्यक्ष गुलाब वर्मा, चित्रकूट जिलाध्यक्ष शिवबाबू वर्मा समेत सभी दिग्गज नेताओं ने भाजपा को जनविरोधी करार दिया। कहा कि भाजपा की नीतियों से महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी में तेजी से इजाफा हो रहा है, जिस पर अंकुश लगाना आवश्यक हो गया है। कहा कि भाजपा की मोदी-योगी सरकार देश प्रदेश में लूट खसोट मचाए हुए हैं। देश की तमाम परिसंपतियों को कारोबारों के हाथों गिरवी रखा जा रहा है। बसपाइयों ने सपा, कांग्रेस और आप के गठबंधन को जनता के साथ छलावा बताया। कहा कि सपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी मिलकर भाजपा को जिताने का काम कर रहे हैं। सभी ने पार्टी उम्मीदवार मयंक द्विवेदी को जिता कर संसद भेजने का एक स्वर से सर्वसमाज का आह्वान किया। कहा कि युवा सांसद बनने के बाद क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। बसपा प्रत्याशी मयंक द्विवेदी ने सभी की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि वह युवाओं के सहयोग और बुजुर्गों के आशीर्वाद से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे तो सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखेंगे और क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को पुरजोर तरीके से संसद में बुलंद करेंगे। जनसभा के बीच स्थानीय कलाकारों के साथ छतरपुर के गीतकारों ने समां बांधी और लोगों को कड़ी धूप के बीच बांधे रखा। गीत-संगीत की धुन के बीच सभी लोगों ने मयंक को जिताने का संकल्प दोहराया। इस मौके पर बसपा नेता शिवदयाल रत्नाकर, अयूब खान, रामकिशोर वर्मा, असलम खान, रामदेव प्रजापति, शिवकरन दिनकर, राकेश राजपूत, अनुरुद्ध वर्मा, मनोज वर्मा, आशुतोष भास्कर, दुर्गेश तिवारी, विनय त्रिपाठी समेत तमाम बसपाई शामिल रहे।

● बसपा उम्मीदवार के समर्थन में हुई सभा, मयंक को जिताने का लिया संकल्प

### पिता की मौत को बताया राजनीतिक षड्यंत्र

बसपा के उम्मीदवार मयंक द्विवेदी ने अपने पिता के निधन को राजनीतिक षड्यंत्र बताते हुए माहौल को भावनात्मक बनाया। कहा कि उनके पिता के साथ जिस तरह से षड्यंत्र करके उन्हें फर्जी मामले में फंसाया गया और इसके बाद विषम परिस्थितियों में उनका निधन हो गया। विरोधी खेमे के लोग आज भी परिवार को परेशान कर रहे हैं। पिता की चर्चा करते हुए मयंक की आंखें नम हो गई और रुंधे गले से उन्होंने विरोधी ताकतों के खिलाफ जंग लड़ने को सभी का सहयोग मांगा।

### प्रशासन ने रोका बसपा का जनसंपर्क अभियान

शहर के जीआईसी मैदान में आयोजित सभा के बाद बसपा उम्मीदवार मयंक द्विवेदी के समर्थकों का रेला शहर में जनसंपर्क के लिए सड़कों पर उतर पड़ा। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया और लोगों को रोक दिया। बसपा नेताओं ने पुलिस के अधिकारियों से नोकझोंक भी की, लेकिन बात नहीं बनी। हालांकि प्रत्याशी की अगुवाई में सैकड़ों समर्थक शहर की सड़कों पर निकल पड़े और शहर में भ्रमण कर लोगों ने जनसमर्थन मांगा।

# सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित करने की उठाई मांग

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रतिनिधि मंडल में शामिल प्रांत सह एसएफडी संयोजक दिव्यांशु मिश्रा, जिला संयोजक नीतीश कुमार निगम, नगर मंत्री आशीष पांडेय, स्वतंत्र साहू, नगर सह मंत्री कार्तिकेय गुप्ता ने गुरुवार को पंडित जेएन महाविद्यालय पहुंचकर प्राचार्य डा.केएस कुशवाहा से मुलाकात की। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी कुलपति को संबोधित ज्ञापन प्राचार्य को सौंपा। इसमें कहा है कि यूजीसी रेगुलेशन, राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम तथा समय-समय पर जारी शासनादेशों में एक सेमेस्टर में 15 सप्ताह या 90 दिन तक कक्षाएं संचालित करके कोर्स पूरा करने का प्रावधान है, लेकिन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं मार्च के प्रथम सप्ताह में समाप्त हो पाई है। साथ ही अप्रैल में भी नोडल केंद्रों पर परीक्षाएं कराई जा रही हैं। ऐसे में कोर्स पूर्ण करने की संभावना न के बराबर है। मांग की कि महाविद्यालयों को परीक्षा केंद्र न घोषित कर सेमेस्टर परीक्षाएं स्थगित की जाएं।

# गांव-गांव निकाली गई मतदाता जागरुकता रैली

**नरैनी:** लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान के प्रति प्रेरित करने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में विकास खंड के पड़मई गांव में ग्राम प्रधान सुमन देवी, प्रधान प्रतिनिधि रावेंद्र कुशवाहा और सचिव की संयुक्त अगुवाई में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर पूरे गांव में घुमाई गई। इस दौरान गांव के दिनेश तिवारी, कुटवा प्रसाद, शिवपूजन, निर्भय, शिक्षक सुरेंद्र, राजेंद्र खरे, राजकुमार पटेल, संतोषी देवी आदि रहे।

# शिक्षक के अपहरण पर संघ आंदोलित

संवाददाता, कमासिन

**अमृत विचार।** शिक्षकों ने कमासिन ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय टीकापुरवा के प्रधानाध्यापक का ग्राम प्रधान एवं कुछ अन्य लोगों द्वारा अपहरण कर उसके साथ मारपीट व अभद्रता करने की घटना पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है और खंड शिक्षाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई कराए जाने की मांग की।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ कमासिन ब्लाक इकाई के अध्यक्ष आशुतोष गौतम समेत अनेक शिक्षक नेताओं व शिक्षकों ने खंड शिक्षाधिकारी कमासिन को दिए ज्ञापन में बताया है कि 30 अप्रैल को कमासिन ब्लाक क्षेत्र के ग्राम टीकापुरवा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक तीरथ प्रसाद को सुबह विद्यालय जाते समय स्योहट ग्राम प्रधान तथा कुछ अन्य लोगों द्वारा रास्ते में ही उन्हें रोककर ग्राम स्योहट स्थित पेट्रोल पंप के एक कमरे में बंद कर दिया और करीब डेढ़ घंटे तक उनके साथ मारपीट, अभद्रता व गाली गलौज की गई।

बाद में हाथ पैर जोड़ने पर उन्हें मुक्त किया गया। शिक्षक नेताओं ने अपने शिकायती पत्र में यह भी कहा है कि उक्त ग्राम प्रधान अपनी ग्राम पंचायत के पूर्व अध्यापक मनोज पांडेय के साथ भी ऐसी हरकत की गई थी। उन्होंने कहा कि इस घटना से शिक्षको में भय का वातावरण व्याप्त हो गया है। साथ ही रोष भी व्याप्त है। शिक्षक संघ ने खंड शिक्षाधिकारी से मांग की है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। हालांकि शिक्षक द्वारा कमासिन थाने में अपनी तहरीर दे दी है।

● प्राथमिक शिक्षक संघ ने खंड शिक्षाधिकारी से की कार्रवाई की मांग

# 18 अभियुक्तों पर 20 हजार रुपये जुर्माना

**बांदा:** पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे आपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत कड़ी सजा दिलाने के क्रम में अलग-अलग पांच मामलों में 18 अभियुक्तों को 20 हजार रुपये से दंडित कराया गया। सिविल जज जूनियर डिवीजन की अदालत में सभी पर जुर्माना लगाया।

एसपी की अगुवाई में धारा 323 व 504 के देहात कोतवाली क्षेत्र के करबई गांव निवासी अभियुक्तों फरीद, शहीद अली, नफीस व मुन्ना और इसी गांव के छोटेलाल, मोहन, परसदवा व रमेश से एक-एक हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव निवासी रामआसरे, शोभा, जगजीवन, बुद्ध विलास, पचनेही गांव के लवलेश से डेढ़ हजार, गुरेह गांव निवासी मलखान व चुन्ना प्रसाद प्रजापति से डेढ़-डेढ़ हजार जुर्माना वसूला गया।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

जानकारी | कृषि विश्वविद्यालय में कंपोस्ट एवं बायो गैस उत्पादन पर हुई कार्यशाला

# जैविक व प्राकृतिक कृषि अपनाने से ही प्रकृति का संरक्षण संभव

कार्यालय संवाददाता,बांदा




कार्यशाला में प्रतिभागी को सम्मानित करते कुलपति। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कंपोस्ट एवं बायो गैस उत्पादन विषय पर आयोजित कार्यशाला में जैविक और प्राकृतिक कृषि को अपना कर स्वास्थ्य के साथ ही प्रकृति को भी संरक्षित रखने पर जोर दिया गया। कुलपति ने कहा कि प्रकृति केवल मानव जाति के लिए ही नहीं, बल्कि सभी के लिए है। सभी को प्रकृति को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए दूसरे से अपेक्षा करने के बजाए स्वयं में बदलाव लाने की जरूरत है।

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में शुक्रवार को कंपोस्ट एवं बायो गैस उत्पादन विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कुलपति प्रो.नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रकृति को सुरक्षित व संरक्षित रखना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जैविक और प्राकृतिक कृषि को अपनाना पड़ेगा, जिससे हम सब अपने स्वास्थ्य के साथ प्रकृति को भी संरक्षित रख पाएंगे। इस दौरान अन्य कृषि वैज्ञानिकों ने भी अपने विचार और सुझाव अपने संबोधन में व्यक्त किए।'

वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि प्रकृति का अंधाधुंध दोहन मानव समेत समग्र प्राणियो को उनके अंत की ओर अग्रसारित कर रहा है।

कहा कि प्लास्टिक हमारे वातावरण को अनेक प्रकार से दूषित कर रहा है, जिसका उपयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। डा.सत्यव्रत द्विवेदी ने प्राकृतिक जलाशयों को स्वच्छ रखने पर बल दिया। कहा कि यह सभी प्राणियों के जीवन के लिए बहुत ही आवश्यक है। सह अधिष्ठाता डा.वंदना ने प्राकृतिक उपायो के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि घर के अपशिष्टो को पुनरू प्रयोग में लाने की कला सीखनी चाहिए।

निदेशक प्रसार डा.एनके बाजपेयी ने कहा कि हमे भेजन का सम्मान करना चाहिए और से व्यर्थ नहीं होने देना चाहिए। थाली में उतना ही ले जो नाली में न जाए। कुलसचिव डा.एसके सिंह ने कहा कि जीवन तभी संभव है जब तक हमारी प्रकृति जीवंत है। उन्होंने रियूज और रिसाइकल को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कुलपति ने बुंदेलखंड के किसानों के लिए बायो गैस उत्पादन को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम आयोजक डा.एके श्रीवास्तव ने सभी का आभार जताया।

● कुलपति ने प्रकृति को सुरक्षित और संरक्षित रखने पर दिया गया जोर

● रियूज और रिसाइकल को बढ़ावा देने पर जोर दिया

### क्विज व पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित

कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में वेस्ट से वेल्थ विषय पर आयोजित कार्यशाला में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कुलपति द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान छात्र-छात्राओं को प्रकृति को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए अवशिष्ट पदार्थों का कम से कम उत्पादन करने की सीख दी तथा उत्पादित अवशिष्ट को कंपोस्ट एवं बायो गैस के रूप में परिवर्तित करके पुनरू प्रयोग में लाने पर बल दिया।

# जॉब न मिलने से परेशान युवक ने फांसी लगा जान दी

**बांदा।** अतर्रा कस्बा के संजय नगर निवासी 28 वर्षीय अनुरोध पुत्र अशोक त्रिपाठी ने गुरुवार की रात ऊपरी मंजिल में बने कमरे पर पंखा की हुक पर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। शुक्रवार की सुबह मां संतोष देवी छत पहुंची तो अनुरोध का शव फंदे पर लटकता देखा चीख पड़ी। शोर सुनकर परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। आनन फानन फंदा काट कर शव को नीचे उतारा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के चाचा अलोक त्रिपाठी ने बताया कि अनुरोध बीटेक कर चुका था। भोपाल से एनई भी किया था। उसका छोटा भाई रामबालक भी भोपाल में रहकर कंपटीशन की तैयारी कर रहा है। जॉब न मिलने से वह परेशान था। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

# रैली व नुक्कड़ नाटक से वोटर को संदेश

कार्यालय संवाददाता, महोबा


रैली के दौरान मतदाताओं को जागरुक करते स्टूडेंट व टीचर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 में शत प्रतिशत मतदान कराए जाने को लेकर चुनाव आयोग के निर्देश पर जिले में स्वीप अभियान के तहत तमाम कार्यक्रमों का आयोजन कर मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग करते हुए मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए प्ररित किया जा रहा है। इसी क्रम में राजकीय हाईस्कूल दुलारा के छात्र छात्राओं द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई साथ ही नुक्कड़ नाटक के जरिए मतदाताओं को उनके मत का महत्व बताते हुए मतदान करने के लिए जागरुक किया गया।

● शिक्षकों ने दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को दिया वोटिंग के लिए आमंत्रण पत्र

राजकीय हाईस्कूल के प्रधानाचार्य के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली जो ग्राम के प्रमुख मार्गों से होते हुए मतदाताओं को वोट डाले जाने के प्रति नारे लगाते हुए चल रहे थे। स्कूली बच्चों ने रैली में मतदाताओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिए मताधिकार का प्रयोग करने की भी अपील की साथ ही शिक्षकों द्वारा दिव्यांग और वृद्धजन मतदाताओं को घर घर पहुंचकर मतदान के दिन अपने मत्र का प्रयोग करने के लिए आमंत्रण पत्र भी दिए। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया कि प्रत्येक मतदाता को वोट जरूर देना चाहिए। लोकसभा चुनाव का मतदान 20 मई को बताते हुए मतदाताओं को मतदान केंद्र में उपस्थित होकर वोट देने के लिए भी अपील की। चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रेमचंद अनुरागी ने बताया कि स्कूली बच्चों द्वारा मत का प्रयोग करने के लिए रैली व नुक्कड़ नाटकों के जरिए प्रेरित किया जा रहा है।

# कांग्रेस का तिलस्म टूटा तो फिर मौका नहीं मिला

नईमुर्रहमान, महोबा

**अमृत विचार।** हमीरपुर महोबा संसदीय सीट पर वर्ष 1984 तक कांग्रेस की तूती बोलती रही। इसके बाद अब तक के हुए नौ बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के कद्दावर नेताओं को भी जमानत बचाना मुश्किल पड़ गया है। संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस का तिलस्म टूटता नजर आ रहा है। यही वजह है कि इस सीट पर सपा, बसपा और जनतादल ने ही अपना झंडा फहराया। कांग्रेस अब काफी दूर पहुंच गई है। स्थिति यह है कि जहां भाजपा, सपा, बसपा के टिकट के लिए लोगों की लाइन लगती है वहीं कांग्रेस से टिकट के लिए अब इक्का दुक्का उम्मीदवार ही आवेदन करते हैं।



● भाजपा, सपा व बसपा भी आती-जाती रही, किसी एक दल का दबदबा नहीं रहा

## छह बार चुनाव जीतने वाली कांग्रेस हासिए पर

1952 से अब तक 17 बार हुए लोकसभा चुनाव में सबसे ज्यादा छह बार हमीरपुर महोबा संसदीय सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी अब हासिए पर आ गई है। स्थिति यह है कि जहां कांग्रेस के प्रत्याशियों के सामने कोई भी दिग्गज टिक नहीं पाता था, आज कांग्रेस की हालत पतली हो गई है। यहां तक कि कांग्रेस से टिकट मांगने वालों ने भी विशेष उत्साह नहीं दिखाई देता है। करीब तीन दशक से इस सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी को दिल्ली जाने का मौका नहीं मिला। कांग्रेस ने बदल बदल कर ही प्रत्याशियों को उतारा है, इसके बाद भी चुनाव नतीजे जीत के नहीं आए।

वर्ष 1984 में संसदीय सीट पर आखिरी बार कांग्रेस के स्वामी प्रसाद सिंह ने विजय पटका फहराई थी, लेकिन उसके बाद 1989 के चुनाव में जनतादल का जादू चला और यहां के मतदाताओं के सिर चढ़कर बोला। यही वजह रही कि पहली दफा लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरे गंगाचरण राजपूत ने पहली बार में ही जीत दर्ज कर दिल्ली का रास्ता तय किया था। इसके बाद 1991 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा का कमल पहली बार खिला और झांसी से चुनाव लड़ने आए पंडित विश्वनाथ शर्मा विजयी हुए। 1996 के लोकसभा चुनाव में जनतादल छोड़कर भाजपा में शामिल हुए पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने अपनी किस्मत आजमाई और फतह हासिल की। 1999 के चुवान में बसपा के हाथी पर सवार होकर अशोक सिंह चंदेल ने संसद का रास्ता तय किया और संसदीय क्षेत्र में पहली बार नीला परचम फहराया।

वर्ष 2004 के चुनाव में महोबा संसदीय सीट पर साइकिल ने भी तेज रफ्तार से दौड़ लगाई। सपा के राजनारायण बुधौलिया ने कई बार चुनाव हारने के बाद आखिरकार जीत गए और पहली दफा संसदीय सीट पर साइकिल दौड़ी। आठवीं लोकसभा के बाद 15वीं लोकसभा चुनाव तक यहां के मतदाताओं का मिजाज किसी एक दल के साथ नहीं रहा। हर बार हर चुनाव में उन्होंने नए दल और नए प्रत्याशी को दिल्ली का रास्ता दिखाया। हालांकि 1996 के चुनाव में कांग्रेस ने सुनील शास्त्री को चुनाव मैदान में उतारा था, वह भी जमानत नहीं बचा पाए थे।

# सर्राफ लूटकांड का खुलासा, चार लुटेरे दबोचे

## एक हफ्ते पहले सराफा व्यवसायी से लूटे गए सोने-चांदी के आभूषण के साथ दो बाइक व तमंचे बरामद किए

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** एक सप्ताह पहले अजनर से ज्वैलरी की दुकान बंद कर अपने घर कुलपहाड़ लौटते समय एक सर्राफ को चार सशस्त्र बबाइक सवार लुटेरों ने तमंचा लगाकर सोने-चांदी के आभूषणों से भरा बैग लूटकर बाइक से फरार हो गए थे। पीड़ित सराफा व्यापारी ने घटना की तहरीर कोतवाली कुलपहाड़ में दी थी। पुलिस अधीक्षक ने लुटेरों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें गठित की थी।

ग्राम मुढारी के पास स्टेशन रोड मार्ग पर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान दो बाइक सवार बदमाशों की घेराबंदी कर खेतों के पास पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ करने पर बदमाशों ने घटना में अपने दो और साथियों के शामिल होने की बात बताई। पुलिस ने बाद में उन दो लुटेरों को भी गिरफ्तार किया। बदमाशों ने सराफा कारोबारी के साथ की गई लूटकांड की घटना स्वीकार की। पुलिस ने बदमाशों के पास से सोने-चांदी के आभूषण, दो बाइक व तमंचे बरामद किए। कस्बा कुलपहाड़ के मोहल्ला राजावार्ड निवासी सराफा व्यवसायी राजेंद्र कुमार पुत्र प्रेमचंद्र सोनी थाना अजनर क्षेत्र में अपनी सोने चांदी की दुकान 27 अप्रैल को बंद करके देर शाम को ऑटो से घर जा रहा था। तभी बेलाताल अंडरब्रिज पर दो बाइक सवार लुटेरों ने टेंपो रोककर सर्राफ को नीचे उतारा और तमंचे लगाकर उसका सोने-चांदी से भरा बैग लूट लिया था। इसके बाद कुलपहाड़ पहुंचे सर्राफ ने कुलपहाड़ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश के लिए घेराबंदी भी की थी, लेकिन बदमाश भाग निकले थे।


पुलिस के साथ खड़े लुटेरे। अमृत विचार

### लुटेरों के पास से 10 हजार 950 रुपये भी मिले

पुलिस टीम द्वारा लुटेरों के पास से सोने के गणेशजी, सोने की नाक छेदने की तीन कीले, चांदी की तीन जोड़ी पायल, सोने के मंगलसूत्र, सोने के चार अदद हाय, सोने के दो गोल गुरिया, दो बाइकें, 315 बोर के चार तमंचे, जिंदा कारतूस और दो खोखा, एक सोने की अंगूठी और सोने की बाली, छह जोड़ी चांदी की पायल, 17 पीली धातु का एक लाकेट, 10 हजार 950 रुपये की लूटी गई धनराशि भी पुलिस ने बदमाशों के पास से बरामद की।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने कुलपहाड़ पुलिस और स्वाट टीम को लगाकर घटना का पर्दाफाश करने के निर्देश दिए थे। पुलिस टीमें घटना का खुलासा करने के लिए सुराग लगाने में जुटी हुई थी। गुरुवार की देर शाम को कुलपहाड़ पुलिस ने चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भाग रहे देवेंद्र राजपूत निवासी ग्राम बिजौरी थाना अजनर, नरेंद्र अहिरवार निवासी नगाराडांग थाना अजनर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पकड़े गए बदमाशों के बताने पर उसके दो साथी मंगल राजपूत निवासी ग्राम बिजौरी और प्रदीप अनुरागी निवासी इंद्रहटा थाना अजनर को भी पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी भास्कर मिश्रा, निरीक्षक बलवाल सिंह, उपनिरीक्षक शेरेआलम, धर्मेंद्र सिंह चौकी प्रभारी बेलाताल के अलावा स्वाट टीम के प्रभारी रविकुमार सिंह, एसआई ब्रजेंद्र सिह, हेडकांस्टेबिल भूपेंद्र सिंह, कांटेबिल रंजीत सिंह, कांस्टेबिल निर्भय सिंह और अशीष बघेल शामिल रहे। एसपी ने बताया कि सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया गया है, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# सड़क किनारे गहरा तालाब खतरे का सबब

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** आफिसर कालोनी मार्ग पर शीतला देवी मंदिर के समीप छोटे तालाब की सड़क किनारे से खुदाई करके 80 फिट गहरा कर दिए जाने से वाहन से मंदिर आने जाने वाले श्रद्धालुओं के अलावा अन्य वाहन चालकों के लिए भी यह तालाब खतरे की घंटी बजा रहा है। वाहन चलाते समय थोड़ी सी चूक होने पर 80 फिट नीचे खाई में गिरते ही मौत के अगोस में समा जाएगा। तालाब की खुदाई करने वालों और जिला प्रशासन ने सड़क किनारे कोई रेलिंग की व्यवस्था नहीं की है, जिससे 24 घंटे आवागमन में खतरा बना रहता है।

आफिसर्स कलोनी मार्ग पर बने शीतलन तालाब की वर्ष 2022 में जेसीबी और पोकलैंड मशीने लगाकर खुदाई की गई थी, जिससे करीब सड़क किनारे तलाब की 80 फिट गहराई हो जाने से अब खतरा बढ़ गया है। सड़क से थोड़ी सी भी गाड़ी बहने पर वाहन सवारों का बचपाना मुश्किल है। लगभग एक साल पहले खुदाई के बाद भी आज तक न तो ठेकेदार ने तालाब के किनारे रैलिंग बनाई और न ही जिला प्रशासन ने रेलिंग बनाने की सुध ली है और न ही कोई सड़क किनारे रोक के इंतजाम किए गए हैं। तालाब के किनारे हल्की फुल्की झाड़ियां लगे होने से तालाब भी नहीं दिखाई देता है। इस मार्ग पर दिन रात दो पहिया से लेकर चार और छह पहिया वाहन दौड़ते हैं। सड़क से सटे तालाब की पिछले साल अधिक खुदाई हो जाने के कारण खतरा पैदा हो गया है। बाहरी लोगों को अधिक जानकारी न हो पाने के कारण रात के समय थोड़ी से चूक होने पर बड़ी घटना घट सकती है। सभासद अफाक अहमद, पूर्व सभासद रमेश साहू और पूर्व सभासद बाबू मंसूरी ने जिला प्रशासन से तालाब के किनारे रेलिंग बनाए जाने की मांग की है, जिससे घटना होने से रोका जा सके।


तालाब के बगल से निकल रही सड़क। अमृत विचार

● वाहन चलाते समय थोड़ी सी चूक पड़ सकती है जिंदगी पर भारी

# महाविद्यालय को स्नातक कक्षाओं की एनओसी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले के छात्र छात्राओं को स्नातक शिक्षा हासिल करने के लिए महाविद्यालयों में सीमित सीटे होने के कारण प्रवेश नहीं मिल पाता है और मजबूरन आसपास के जिलों में जाकर बीए, बीएससी और बीकॉम की शिक्षा ग्रहण करना पड़ती है। शहर के स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय को बीएड के साथ स्नातक पाठ्यक्रम में बीए, बीएससी और बीकॉम की एनओसी प्रदान की गई है, जिससे छात्र छात्राएं स्नातक शिक्षा ग्रहण करने के लिए महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं।

स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 आरिफ राईन ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल पर डीसीपी एवं टीआईएफ का डाटा अपलोड कर दिया गया है, जिसका प्रमाणपत्र महाविद्यालय को प्राप्त हो चुका है और अब महाविद्यालय में स्नातक प्रवेश लेने व परीक्षा पर किसी भी प्रकार की रोक नहीं है, जिसका उल्लेख बुंदेलखंड झांसी के कुल सचिव ने पत्र द्वारा घोषणा की है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की बीएड की वरियता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नेहा दीक्षित इसी महाविद्यालय की छात्रा है। महाविद्यालय के संस्थापक डा0 अभय सिंह भदौरिया द्वारा बुंदेलखंड जैसे शैक्षिक पिछड़े क्षेत्र में बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए बीए, बीकॉम और बीएससी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश निशुल्क किया जा रहा है, जिससे छात्राओं में प्रसन्नता का माहौल व्यप्त हो गया है। प्राचार्य ने बताया कि शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाएं महाविद्यालय में हैं।

● स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में ले सकेंगे प्रवेश

# प्रधानाचार्य ने छात्रा से अभद्रता पर मांगी माफी

**महोबा।** ग्राम अजनर के पं दीनदयाल उपाध्याय मॉडल इन्टर कालेज के प्रधानाचार्य ने कक्षा दस की छात्रा से पानी पीने की छुट्टी मांगने पर अभद्रता कर दी। छात्र ने इसकी जानकारी पिता को दी। जिससे मामला तूल पकड़ गया। छात्रा के पिता ने थाना अजनर मे प्रधानाचार्य के खिलाफ तहरीर दे दी है। प्रधानाचार्य के माफी मांगने पर मामला ठंडा पड़ा।

शिकायती पत्र मिलने पर अजनर थाने की एन्टी रोमियो टीम की एसआई शिल्पी, महिला आरक्षी शीला और प्रगति पहुंची। मौके पर छात्रा से पूरी जानकारी ली। सभ्रांत लोगो के कहने पर प्रधानाचार्य ने छात्रा से माफी मांगी।इसके बाद काफी देर तक जद्दोजहद चलती रही। बाद में ग्रामीणों के समझने के बाद छात्रा का पिता राजी नमी के लिए तैयार हुआ। बताया जाता है कि अध्यापको द्वारा पूर्व में भी बच्चियो के साथ अभद्रता की जा चुकी है। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिह का कहना है कि मामला सुलझ गया है।

# कार की टक्कर से महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** महोबा मुस्कुरा मार्ग में चरखारी के आगे एक कृषि फार्म हाउस से निकली तेज रफ़्तार चार पहिया गाड़ी ने बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मार दी जिससे बहन सड़क पर गिर गई। इसके चार पहिया वाहन चालक ने महिला के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी। गंभीर रूप से महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक चालक महिला के भाई का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

कस्बा चरखारी निवासी प्रीति विश्वकर्मा 35 अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से मुस्कुरा जा रही थी जैसे ही वह चरखारी थी कुछ मिल किलोमीटर आगे निकली तभी सड़क किनारे बने एक कृषि फार्म हाउस से तेज रफ्तार निकली चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे प्रीति और उसका भाई सड़क पर गिर गए। दुर्घटना के बाद कार चालक संतुलन को बैठा और सड़क पर पड़ी महिला के ऊपर ही कार चढ़ा दी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गई।

● पुलिस ने चालक सहित कार को पकड़ा




अस्पताल मे डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि भाई मामूली रूप से घायल हो गया। जिसका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार चल रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया और चार पहिया वाहन को कोतवाली में खड़ी कर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है महिला की मौत से घर में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## आमने-सामने दो बाइकों की टक्कर से बाइक सवार घायल

महोबा खजुराहो मार्ग में दो बाईकों की आमने-सामने टक्कर हो जाने से दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक बाइक चालक की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है। जिले की सरहद से सटे थाना लवकुश नगर के ग्राम इंघोटा निवासी अनिकेत 22 पुत्र रघुराज अपने पिता के साथ कुंम्हरोरा के पेट्रोल पंप से डीजल लेकर वापस अपने गांव लौट रहा था। तभी लव कुश नगर की तरफ से आ रहे दूसरे बाइक सवार से टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए अनिकेत के सर पर गंभीर छोटे होने के कारण चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज झांसी के लिए रेफर कर दिया है जबकि दूसरे बाइक चालक नरेंद्र की हालत में सुधार बताया जा रहा है।

# परिवार के मुखिया ने लगाई फांसी, मौत

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे के मुहल्ला नरैयापुरा मे एक अधेड़ ने घर में बने कुएं में पाट से रस्सी बांधकर फाँसी के फंदे से लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने घर के मुखिया का शव लटका देखा तो रोना पीटना मच गया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग दौड़ पड़े और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना से घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का कहना है कि उनका लंबे समय से ग्वालियर में इलाज चल रहा था। वह बीमारी से ऊब चुके थे।


प्रेमचंद।

कस्बे के मोहल्ला नरैयापूरा निवासी प्रेमचंद अग्रवाल 50 पुत्र राम किशोर अग्रवाल के घर में कुआं बना हुआ है। जिसमें पानी भरने के लिए लकड़ी की पाट रखी हुई है। शुक्रवार को परिवार के लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। तभी प्रेमचंद ने कुएं में रखी पाट में रस्सी बांधकर फांसी लगाकर झूल गया। थोड़ी देर बाद परिजनों ने देखा तो चीख पुकार मच गई। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए, और पुलिस को सूचना दी। बाद में परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने परीक्षण करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अधेड़ की मौत की खबर फैलते ही मोहल्ले वालों की भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने बताया कि प्रेमचन्द काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। ग्वालियर से इलाज कराकर लौटे हैं।

● परिजन बोले- बीमारी से ऊबकर उठाया कदम

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस | सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार सम्मानित किए गए

# मुश्किलों-चुनौतियों पर मुखर हुए समाज के 'पहरेदार'

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज महोबा में विश्व प्रेस स्वतन्त्रता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पत्रकारों की मुश्किलें, काम के दौरान की चुनौतियां बढ़ रही हैं।

साहित्यकार संतोष पटेरिया ने कहा कि विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस की स्थापना 1991 में यूनेस्को के सामान्य सम्मेलन की सिफारिश के बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 1993 में की गई थी। इसे पहली बार 1994 में मनाया गया था। इस दिन का उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि जिन पत्रकारों ने कर्तव्य निभाते हुए अपनी जान गंवाई है, उनकी कुर्बानी को भी याद करना चाहिए। कहा कि पत्रकारिता बहुत जोखिम भरा पेशा है। आयोजन का उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के सिद्धांतों का जश्न मनाना, मीडिया का मूल्यांकन करना और हमलों से उसकी रक्षा करना और साथ ही कर्तव्य के दौरान अपनी जान गंवाने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि देना है। वरिष्ठ पत्रकार हरिकिशन पोद्दार ने कहा कि प्रेस की स्वतंत्रता की रैंकिंग भी पिछले कुछ वर्षों में गिरी है। भारत में पत्रकारों को काम करते समय कई शारीरिक खतरों और सुरक्षा चिंताओं का सामना करना पड़ता है। संवेदनशील मुद्दों पर रिपोर्टिंग करना, भ्रष्टाचार को उजागर करना और सत्ता में बैठे लोगों से निडर होकर सवाल करना उन्हें खतरे में डाल सकता है। वरिष्ठ पत्रकार अमित श्रोतीय ने पत्रकारों की स्वतन्त्रता पर विचार रखे। शिक्षक अरुण माली ने कहा कि पत्रकारिता एक ऐसा पेशा है, जहां खतरे बहुत हैं। वरिष्ठ पत्रकार भगवानदीन यादव ने कहा कि निर्भीक पत्रकारिता करने वालों को समय समय जोखिम उठाना पड़ता है।

प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने समस्त आगन्तुक पत्रकारों व अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिह्न भेंट किया। इस मौके पर मनोज ओझा, इरफान पठान, अखिलेश चंसौरिया, एम रहमान, मूरत ध्वज, आमिल उद्दीन, धीरेंद्र सिंह आदि पत्रकार और साहित्कार मौजूद रहे। वरिष्ठ साहित्यकार संतोष पटैरिया, पत्रकार भगवानदीन यादव व विद्यालय प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।





पत्रकार को सम्मानित करते वरिष्ठ पत्रकार।। अमृत विचार

# सरकारी योजना में गरीब गोपालकों की अनदेखी, जांच की मांग

संवाददाता, जैतपुर-महोबा

**अमृत विचार।** शासन द्वारा गौपालकों के संरक्षण के लिए दी जाने वाली धनराशि का पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संपन्न वर्ग को ही दिया जा रहा है। इससे गरीब पशुपालकों में आक्रोश दिखाई दे रहा है। पशुपालकों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारयों से कर जांच कराए जाने की मांग की है।

शासन से व्यक्तिगत गोपालको को मिलने वाली धनराशि पात्रों को वितरित न करके अपात्र को दी जाने से ग्रामीण गौपालकों में खासी नाराजगी है। पात्र सरकार की इस योजनाओं से वंचित हो रहे है। कस्बा जैतपुर की आबादी तीस हजार तक पहुंच गई है, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग द्वारा गोपालको को मिलने वाली शासन से धनराशि के लिए पात्रों की संख्या बेहद कम है प्रत्येक परिवार को एक गोवंश के संरक्षण के लिए प्रशासन द्वारा 900 रुपये देने की व्यवस्था की थी।

● पशुपालन विभाग पर लगाया गया आरोप

एक परिवार को चार गोवंशो को पालने तक सहायता का प्रावधान किया था, लेकिन जैतपुर में अनुमानित लगभग 250 पात्र परिवार गोवंशों को पालते हैं। दो वर्षों में इस विभाग ने केवल कस्बे में 15 परिवारों को ही इस योजना से लाभान्वित किया है। जबकि तमाम ग्रामीण गौ वंश पाले हुए हैं। माह जनवरी से गौ संरक्षण व संवर्धन के लिए सरकार ने 1500 रुपये की धनराशि निर्धारित की है, लेकिन बड़ी जनसंख्या वाले कस्बा में केवल इस विभाग ने तीन ही परिवारों को चिन्हित कर इस योजना में शामिल किया है ग्रामीणों का कहना है कि गरीब परिवार शासन की महत्वपूर्ण योजना से वंचित है। पशु चिकित्सा विभाग सम्पन्न परिवारों को ही योजना का लाभ दिला रहा है एक तरफ बड़ी आबादी के बाद भी अल्प गोपालको को शामिल किया है। विभाग गोपालकों में भेद भाव कर शासन को गुमराह कर रहा है।

इस संबंध में जब प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी देवेंद्र कुमार से वार्ता की गई कि इतनी बड़ी पंचायत में इतनी कम संख्या में लाभार्थी क्यों है। इस पर उन्होंने सीधा जवाब दिया कि अक्टूबर 2023 तक ऑफलाइन फॉर्म शामिल होते थे, लेकिन अक्टूबर माह के बाद ऑनलाइन हो जाने के कारण व्यक्तिगत पशुपालकों की संख्या में कमी आई है।

# गोवंश को बचाने में कार पलटी, डॉक्टर घायल

संवाददाता, मुस्करा (हमीरपुर)

● लोगों ने गेट तोड़कर डॉक्टर को बाहर निकाला



सड़क पर पलटी चिकित्सक की गाड़ी।

**अमृत विचार।** विकासखंड मुस्करा के इमिलिया सीएससी में तैनात डॉ.शरद विश्वकर्मा ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 7:30 बजे अपने घर से सीएचसी ड्यूटी के लिए इमलिया जा रहे थे। तभी बसवारी से इमलिया की ओर मुड़ने पर सड़क पर अचानक गोवंश आ गए जिनको बचाने के चक्कर में कार असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गई। वहां मौजूद लोगों ने दौड़कर कार में फंसे डॉक्टर को गेट तोड़कर बाहर निकाला और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना पर सीएचसी मुस्करा प्रभारी चिकित्सक डॉ.बृजेंद्र राजपूत अपने निजी वाहन से मौके पर पहुंच गए और घायल डॉक्टर को अपनी गाड़ी से सीएचसी मुस्करा पहुंचाया, जहां से उन्हें कानपुर रेफर कर दिया गया। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि डॉ.शरद को सिर पर चोट लगी है। जिसके चलते सीटी स्कैन जांच कराने के लिए व सघन उपचार के लिए कानपुर रेफर किया गया है। वहीं सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक शशि पांडे मौके पर पहुंच गए और कार को सड़क से हटवाया, जिससे आवागमन शुरू हुआ।

# ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से महिला की मौत

**राठ।** मुस्करा थाने के गहरौली गांव निवासी सुनीता (40) पत्नी रामपाल साहू अपने पति रामपाल व पुत्री पूजा के साथ गांव के भारत राजपूत के ट्रैक्टर में सवार होकर जामुन के पेड़ की लकड़ी भरने के लिए जा रहे थे। गांव के बाहर निकलते ही कुछ दूर पर तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ट्राली में बैठी सुनीता की दबकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि ट्राली में बैठी उसकी पुत्री पूजा व पति रामपाल मामूली रूप से घायल गये। परिजनों ने बताया कि रामपाल मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मृतका अपने पीछे पुत्री रीता, पूजा व प्रांसी के अलावा दो पुत्र करन और शिवम को रोता बिलखता हुआ छोड़ गई है। मुस्करा थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# रंगोली-मेहंदी प्रतियोगिताओं से कर रहे मतदाताओं को जागरूक

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार



मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने आईं महिलाओं के साथ सेल्फी लेती अध्यापक।

● स्वीप के तहत गांवों में हो रहे नुक्कड़ नाटक, रैली व हस्ताक्षर अभियान

**अमृत विचार।** क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्वीप के अंतर्गत रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन कर मतादाताओं को वोट देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। गांवों में नुक्कड़ नाटक के अलावा रैली निकाली गई व वोट देने के लिए शपथ दिलाई गई। वहीं कई गांवों में हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया।

मतदाता जागरुकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देशन पर शुक्रवार को कैथी व अतरैया में हस्ताक्षर अभियान व संकल्प पत्र के जरिए मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने शपथ दिलाई। उन्होंने बताया कि इसके अलावा विभिन्न गांवों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुरौली में पैदल मार्च, कुम्हउपुर में पिंक रैली, चन्दपुरवा में मनरेगा श्रमिकों को शपथ दिलाई गई। कैथी व अतरैया में बुजुर्ग मतदाताओं का बीच संवाद कर मतदान के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ अतरैया में रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिताएं हुईं। बीडीओ ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं व पुरुषों ने स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर सचिव बालेश्वर द्विवेदी, मनीष कौशिक, अमित तिवारी सहित एएनएम, ग्रामीण व आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं समूह की महिलाएं शामिल रही।

सरीला प्रतिनिधि के अनुसार, शुक्रवार को विकासखंड के दो दर्जन से अधिक गांव में कर्मचारियों ने मतदाता जागरूक रैली निकाली। घर-घर जाकर मताधिकार के बारे में बताया। बुजुर्ग मतदाताओं को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। गांवों में मेहंदी, कला प्रतियोगिताओं व नुक्कड़ नाटकों का आयोजन हो रहा हैं। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम को सफल बनाने के लिये ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक आंगनवाड़ी, आशा व स्कूलों के अध्यापक गांव गांव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# किशोरी के अपहरण और गैंगरेप में चार को उम्रकैद

▶ दो दोषियों को तीन वर्ष का कारावास, एससी/एसटी एक्ट न्यायालय ने सुनाया फैसला

▶ जुर्माने की कुल धनराशि में एक लाख रुपये पीड़िता को दिलाने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



**अमृत विचार।** शहर कोतवाली के एक मोहल्ला निवासी अनुसूचित जाति की किशोरी का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में तीन दोषियों को उम्रकैद व एक को अपहरण के साथ एससी/एसटी में उम्रकैद सुनाई गई है। विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सुशील कुमार खरवार की अदालत ने अपहरण व एससी/एसटी में दोषी दो दोषियों को तीन वर्ष का कारावास के साथ सभी पर अलग-अलग जुर्माना लगाया है। जुर्माने की कुल धनराशि में एक लाख रुपये पीड़िता को दिलाने के आदेश दिए हैं। मामले में एक बाल अपचारी का मामला किशोर न्यायालय में चल रहा है।

जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता विजय सिंह ने बताया कि शहर के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने 14 नवंबर 2011 को कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें बताया कि 11 नवंबर की रात उनकी 13 वर्षीय बेटी को श्रीकांत, रघुराज व भूरा के सहयोग से छेदालाल बहला फुसलाकर ले गया। घर में रखी नगदी व जेवरात साथ ले गए। वह सभी जगह बेटी की तलाश करता रहा लेकिन पता नहीं चला। उसने जेवरात लेकर बेटी की हत्या करने की आशंका जताई। पुलिस ने अपहरण व एससी/एसटी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सात जनवरी 2012 को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर बयान कराए। जिसके आधार पर पुलिस ने डिग्गी मोहल्ला निवासी छेदालाल व श्रीकांत, लक्ष्मीबाई तिराहा निवासी रघुराज सिंह, जालौन जनपद के थाना कदौरा अंतर्गत बड़ा गांव निवासी श्याम सिंह व रामऔतार, शिव कुमार निवासी जवाहर खेड़ा उन्नाव के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, अपहरण व एससी/एसटी में चार्जशीट तैयार कर कोर्ट में पेश की। मामले में आरोपी एक किशोर का मुकदमा किशोर न्याय बोर्ड में दाखिल किया गया। किशोरी के बयान के आधार पर विशेष न्यायाधीश सुनील खरवार ने मामले की सुनवाई करते हुए शिव कुमार व रामऔतार को सामूहिक दुष्कर्म के साथ एससी/एसटी का दोषी माना। वहीं छेदालाल को गृह भेदन, अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म के साथ एससी/एसटी का दोषी माना। श्रीकांत को गृह भेदन, अपहरण व एससी/एसटी का दोषी मानते हुए चारों को उम्रकैद सुनाई।

वहीं शिव कुमार व रामऔतार पर 20-20 हजार, छेदालाल व श्रीकांत पर 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया। वहीं रघुराज व श्याम सिंह को अपहरण व एससी/एसटी में तीन-तीन वर्ष का कारावास व छह-छह हजार रुपये जुर्माना सुनाया है।



कलेक्ट्रेट गेट के पास तैनात पुलिस बल। अमृत विचार

# नामांकन के आखिरी दिन पांच पर्चे दाखिल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

● अब तक 13 प्रत्याशियों ने 24 नामांकन पत्र जमा किए

**अमृत विचार।** महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन शुक्रवार को विभिन्न दलों के कुल पांच नामांकन पत्र दाखिल हुए। नामांकन दाखिल करने वालों की संख्या 13 हो गई। जिन्होंने कुल 24 नामांकन पत्र जमा किए है।

शुक्रवार को पहला नामांकन करीब साढ़े बारह बजे बसपा प्रत्याशी ने किया। इसके बाद लगातार प्रत्याशी आते रहे। एक-एक करके नामांकन प्रक्रिया चालू रही। आखिरी दिन कुल पांच नामांकन पत्र जमा हुए। जिसमें बसपा व सपा प्रत्याशी ने एक एक और सेट दाखिल किया। जबकि अल हिन्द पार्टी से धर्मराज ने दो सेट, एकलव्य समाज पार्टी से सुरेश कुमार ने एक सेट दाखिल किया। अब तक भाजपा प्रत्याशी व सपा प्रत्याशी ने चार- चार सेट, बसपा प्रत्याशी ने तीन सेट, अल हिन्द पार्टी प्रत्याशी ने चार सेट, राष्ट्र उदय पार्टी, राष्ट्रीय बुंदेलखंड विकास पार्टी, स्पष्ट वादी जन अधिकार पार्टी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, एकलव्य समाज पार्टी के प्रत्याशियों ने एक-एक व चार निर्दलीय प्रत्याशियों ने एक एक सेट दाखिल किए है। अब तक कुल 24 नामांकन पत्र दाखिल हुए है। शनिवार चार मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। छह मई को नाम वापसी होगी। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट गेट पर एसडीएम व सीओ की निगरानी में पुलिस बल मुस्तैद नजर आया।

# लेखन मंडल में अरुण भदौरिया शामिल

**हमीरपुर।** शिक्षक संदर्शिकाओं का निर्माण कर बच्चों को सिखाने में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा की अनुशंसा के आधार पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी ताकि उनमें तार्किक ढंग से सोचने, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और स्वयं से सीखने की क्षमता का विकास हो।



राज्य परियोजना कार्यालय के समग्र शिक्षा एवं प्रथम फाउंडेशन के सहयोग से महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा ने आदेश जारी किए हैं। संकल्पना के मुताबिक वरिष्ठ गुणवत्ता विशेषज्ञ आनंद कुमार पांडेय और पीएम अंसारी, राज्य सलाहकार, गुणवत्ता के सहयोग एवं समन्वय से विषय विशेषज्ञ गणित जय प्रकाश ओझा के निर्देशन में कक्षा चार और कक्षा पांच की गणित विषय की शिक्षक संदर्शिका का निर्माण प्रदेश के सभी प्राथमिक शिक्षकों के लिए किया गया है। इन शिक्षक संदर्शिकाओं के लेखन मंडल में यहां के शिक्षक अरुण भदौरिया भी शामिल हैं। इन शिक्षक संदर्शिकाओं के निर्माण का उद्देश्य बच्चों को सीखने सिखाने में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा की अनुशंसा के आधार पर गुणवत्तापूर्ण पूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी।

## सार-संक्षेप



कंट्रोल रूम का निरीक्षण करतीं सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास। अमृत विचार

### सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव में नियुक्त सामान्य प्रेक्षक प्रियंका दास (आईएएस) ने शुक्रवार को 12 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें तीन वल्नरेबिल एवं नौ सामान्य थे। कुरारा ब्लाक के बेरी गांव के मतदान केंद्र वल्नरेबल-79 तथा 77, 78 सामान्य व वल्नरेबिल-23, लहरा के 22, 24 सामान्य मतदान केंद्र, वल्नरेबिल-20 एवं हमीरपुर में इस्लामियां इंटर कॉलेज के वल्नरेबिल-91 (89, 90, 92 सामान्य मतदान केंद्र) कुल 12 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। जिसमें तीन वल्नरेबिल एवं नौ सामान्य मतदान केन्द्र थे। उनके साथ अपर जिलाधिकारी न्यायिक डॉ नागेन्द्र नाथ यादव, तहसीलदार अनुभव चंद्रा, संबंधित बूथों के बीएलओ/सुपरवाइजर मौजूद रहे।

### वृद्धा की मौत पर पुत्र ने लिखाई रिपोर्ट

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के जल्ला गांव में खेतों के बाहर पेड़ के नीचे खड़ी 60 वर्षीय वृद्धा को हाइड्रा चालक द्वारा टक्कर मार देने पर गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसकी उपचार के दौरान मौत होने पर पीड़ित पुत्र ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के जल्ला गांव निवासी अंकित कुमार पुत्र स्व .रजवा प्रजापति ने दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की दोपहर साढ़े 3 बजे मेरी मां अवध रानी खेतों से घर आ रही थी। तभी वह पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। तभी जल्ला कंडौर मार्ग में कार्य कर रहे हाइड्रा चालक ने तेजी व लापरवाही से मेरी मां को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पीड़ित पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने हाइड्रा चालक मोनू नाम पता अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही हाइड्रा को अपने कब्जे में लेकर थाने में खड़ा कर लिया है।



शोक संवेदना प्रकट करते अधिवक्ता व तहसील कर्मी। अमृत विचार

### शैलेंद्र सिंह की मौत पर अधिवक्ताओं ने जताया शोक

**मौदहा (हमीरपुर)।** स्थानीय तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उदय भान सिंह के छोटे पुत्र शैलेंद्र सिंह 33 की सड़क दुर्घटना में छतरपुर में मौत हो जाने के बाद गुरुवार को नगर के गांधी विद्यालय के निकट स्थित मोक्ष धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया था। वहीं शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील बार भवन में शोक सभा का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ कई अधिवक्ताओं ने शैलेंद्र सिंह के जीवन और कार्य शैली तथा उनके व्यवहार कुशलता के संबंध में चर्चा की। अधिवक्ताओं ने उसके पिता बार संघ के अध्यक्ष व परिजनों को इस मुश्किल की घड़ी में धैर्य और सहनशीलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर प्रार्थना की।

### खेत बिक्री के नाम पर हड़पे 3.60 लाख रुपये

**मौदहा (हमीरपुर)।** खेत बिक्री को लेकर 3 .60 लाख रुपये की जालसाजी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। कस्बा निवासी रिजवाना परवीन पत्नी फजल मोहम्मद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि कुछ समय पूर्व लगभग तीन बीघा खेत बिक्री के लिए कस्बे के ही हमीदा खातून से तय हुआ था। इसके एवज में पीड़िता से 3 .60 लाख रुपये नगद ले लिया गया था और बैनामा कराने के लिए तहसील परिसर पहुंच कागजी कार्यवाही करते हुए रजिस्ट्री ऑफिस पहुंच बैनामा कराने के लिए खड़े थे। तभी एक परिचित व्यक्ति ने बताया कि जिस भूमि का बैनामा करवाना चाहते हैं वह तो कुछ दिन पूर्व भी बेची जा चुकी है। यह सुनकर पीड़िता के होश उड़ गए। आनन-फानन में आरोपी से मामले को लेकर बहस करने लगे। तभी मामला बिगड़ता देख विक्रेता मौके से रफूचक्कर हो गया। पूरे प्रकरण पर पीड़ित के रुपये न मिलने से आहत आरोपी के विरुद्ध कोतवाली में मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



शपथ ग्रहण करते नवनिर्वाचित नगर उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ली शपथ

**हमीरपुर।** नगर उद्योग व्यापार मंडल के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को एक गेस्ट हाउस में हुआ। बीते सात अप्रैल को नगर उद्योग व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न हुआ था। चुनाव में चयनित कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को नगर के साबरी गेस्ट हाउस में हुआ। इसमें अमित गुप्ता को नगर का चेयरमैन मनोनीत किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता धीरू, महामंत्री राकेश साहू, कोषाध्यक्ष जया किशोर गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, मंत्री मकबूल अहमद साबरी, उपाध्यक्ष सचिन गुप्ता, संगठन मंत्री संतोष सचान ने शपथ ली। मुख्य चुनाव अधिकारी रावेन्द्र सचान, सहायक चुनाव अधिकारी दीपक मिश्रा, अभिषेक गुप्ता ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला महामंत्री सूर्यकुमार तिवारी, युवा जिला अध्यक्ष अंजनी गुप्ता, संजय गुप्ता, नरेंद्र बाजपेई, अनिल ओमर, मुकेश कुमार सहित एक सैकड़ व्यापारी मौजूद रहे। अंत में मतदाता जागरूकता प्रभारी अकबर अली ने सभी व्यापारियों को आगामी 20 मई को होने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई। अध्यक्ष धीरेन्द्र गुप्ता धीरू ने व्यापारियों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

# शुद्धता कार्यक्रम के दौरान गैस सिलेंडर से लगी आग

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

● एक महिला गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में भर्ती



सिलेंडर से लगी आग से जलता समान।



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व एकत्र मोहल्ले के लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे के एक मोहल्ले में शुद्धता के कार्यक्रम में गैस सिलेंडर से आग लग जाने से हड़कंप मच गया। इसमें एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे आनन-फानन परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर पहुंचे पुलिस बल व मोहल्लेवासियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।

नगर के मोहल्ला उपरौस निवासी कल्लू सोनी के घर में तीन दिवस पूर्व पुत्र राजू की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। जिसके बाद शुक्रवार को शुद्धता का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें भोजन की व्यवस्था के लिए गैस चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। तभी अचानक सिलेंडर में आग लग जाने से घर वालों में हड़कंप मच गया जिसमें कविता (35) पत्नी दुर्गा आग की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई जिसे परिजनों ने आनन -फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। उधर देखते-देखते आग बेकाबू होने लगी। तभी पड़ोसियों ने कोतवाली पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया और एक बड़ा हादसा टल गया।

# पुलिस अधीक्षक से की थानाध्यक्ष की शिकायत

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गत 14 अप्रैल को थाना क्षेत्र के ग्राम अतरैया में हुई चोरी के मामले में पीड़ित ने एसपी को शिकायतीपत्र सौंपकर थानाध्यक्ष पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए दो को हिरासत से छोड़ने का आरोप लगाया है।

गत 14 अप्रैल को बांदा में तैनात पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता एवं मनरेगा योजना के अवर अभियंता के अतरैया स्थित आवास से अज्ञात चोर सीढी के सहारे घर में दाखिल होकर नवविवाहिता बहन के जेवरात के साथ मां के जेवर नगदी सहित करीब 20 लाख का सामान चोरी कर लिए थे। घटना का मुकदमा जेई के छोटे भाई ज्ञानेंद्र कुमार ने दर्ज कराया था। ज्ञानेंद्र ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि पुलिस ने गांव निवासी दस्सी, बिंदा एवं छोटे को हिरासत में लिया था। पूछताछ में बिंदा ने दो दिन में माल बरामद करने की बात कही थी और छोटे ने दो व्यक्ति राकेश एवं बच्चा द्वारा सीढ़ी लाने की बात बताई थी। पुलिस ने सभी को छोड़ दिया है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि हिरासत में लिए लोगों से पूछताछ की जा रही है। छोड़ने का आरोप निराधार है।




धनीराम के डेरा में मतदाता जागरुकता रैली निकालते बच्चे। अमृत विचार

# स्कूली बच्चों ने निकाली जागरुकता रैली

**हमीरपुर।** प्राथमिक विद्यालय धनीराम के डेरा के बच्चों ने मतदाता जागरूकता रैली निकालकर गांव सहित टेकचंद के डेरा के मतदाताओं को जागरूक किया।

जागरुकता रैली के साथ बच्चे टोलियां बनाकर घर- घर जाकर ग्रामीणों को मतदान का महत्व बताया और 20 मई को मतदान करने के लिए निवेदन किया। उन्होंने सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले मतदान करो, पहले मतदान, फिर जलपान, लालच में मत पड़ो, अपना सांसद, मन का चुनो आदि नारे लगाए।

इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमल किशोर, सहायक अध्यापक मनीष कुमार, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती रामा, शिक्षामित्र श्रीमती अभिलाषा, रीता पांडे एवं सुशीला देवी सहित गांव के अभिभावक गण उपस्थित रहे।

निरीक्षण | संयुक्त निदेशक ने अस्पताल में तीमारदारों से ली जानकारी

# जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर




जिला अस्पताल का निरीक्षण करते ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ.आरएस गुप्ता।

**अमृत विचार।** बांदा के ज्वाइंट डायरेक्टर ने शुक्रवार को जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं को देखने के साथ भर्ती मरीजों से जानकारी ली। जहां तीमारदारों व अन्य लोगों ने जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी होने की बात कही। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही चिकित्सकों की तैनाती के लिए प्रयास करने की बात कही।

बांदा के ज्वाइंट डारेक्टर डॉ. आरएस गुप्ता शुक्रवार को दोपहर में जिला अस्पताल पहुंच गए। जहां उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सक कक्ष, ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड, भर्ती वार्ड सहित स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने भर्ती वार्ड में मौजूद मरीजों व तीमारदारों से बातचीत की। साथ ही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर कुछ तीमारदारों ने जिला चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी की बात कही। साथ ही सर्जन की तथा सोनोलॉजिस्ट की तैनाती कराए जाने की मांग की। जिस पर उन्होंने शीघ्र ही इस बारे में शासन को पत्र भेजकर चिकित्सकों की तैनाती कराए जाने के प्रयास की बात कही। इस मौके पर सीएमएस डॉ.सत्यप्रकाश गुप्ता, रोगी कल्याण सलाहकार समिति के सदस्य जलीस खान आदि रहे।

# सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति रहेगी ठप

**मौदहा।** बिजली विभाग अपनी मुख्य पावर लाइन सुमेरपुर- मौदहा के बीच में तारों के बदलने का कार्य शुरू किए है। इसके लिए विभाग ने 4 मई दिन शनिवार को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक नगर सहित यहां के दोनों पावर हाऊस प्रथम व द्वितीय से जुड़े नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। पावर कारपोरेशन के एसडीओ राकेश कुमार ने बताया कि सुमेरपुर और मौदहा के बीच की पावर लाइन के तार जर्जर हो चुके हैं। इन्हें बदलने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा आम जनमानस इसमें सहयोग करें, ताकि आने वाले समय में यह लाइन बार-बार न टूटे और लोगों को परेशानी न उठानी पड़े।

# यूपी से हो रहा कांग्रेस का पलायन: भूपेंद्र चौधरी

## प्रदेश अध्यक्ष भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के नामांकन जुलूस में शामिल हुए, उमड़े समर्थक

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं वर्तमान सांसद भानुप्रताप वर्मा का अंतिम दिन शक्ति प्रर्दशन व नामांकन जुलूस शहर के करमेर रोड स्थित जीआईसी मैदान से हजारों समर्थकों के साथ निकाला गया।

नामांकन जुलूस में शामिल होने आये भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का उत्तर प्रदेश से पलायन हो चुका है तथा विपक्ष जनता को गुमराह करने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब रायबरेली की जनता राहुल गांधी को गुमराह करने का काम करेगी। कहा कि भाजपा नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 400 सीटें पार करने जा रही है।

इस मौके पर भाजपा सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, पूर्व पालिकाध्यक्ष विजय चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, भाजपा अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, मीडिया प्रभारी मनोज यादव, लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक कुमार राठौर, शक्ति गहोई सहित हजारों की संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


रथ पर सवार भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा व अन्य भाजपा नेता। अमृत विचार

● विपक्ष पर लगाया जनता को गुमराह करने का आरोप


नामांकन जुलूस से पहले मंचासीन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा प्रत्याशी।

### समर्थकों के साथ जुलूस में शामिल हुए विजय चौधरी

**उरई (जालौन)।** जालौन-गरौठा व भोगनीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा ने शुक्रवार को नामांकन के अंतिम दिन जीआईसी मैदान से अपने समर्थकों के साथ नामांकन जुलूस निकाला। इसमें अभी हाल ही में भाजपा में शामिल हुए पूर्व नगर पालिका परिषद उरई के अध्यक्ष विजय चौधरी ने भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा के नामांकन जुलूस में अपने हजारों समर्थकों को शामिल कर अपनी ताकत का एहसास कराया। इस दौरान उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप वर्मा की इस बार भी ऐतिहासिक जीत दर्ज होगी। इस दौरान पूर्व सभासद अवध सोनी, रामजी परिहार, कैलाश प्रजापति, आशीष दुबे, महेश चौधरी मटरा, शनी चौहान, राहुल बाबा, प्रशांत बाबा, माशूक अली, शशि सिंह, प्रिंस ठाकुर, बाबा, शादाब, आशु हाफिज, विनोद, पूजा सेंगर, शीतल सेंगर, शिखा दुबे, नगर अध्यक्ष आकाश गहोई, अमित समाधिया आदि मौजूद रहे।

### भाजपा प्रत्याशी ने जुलूस के माध्यम से दिखाई ताकत

**उरई (जालौन)।** जालौन-गरौठा-भोगनीपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा ने अपने नामांकन जुलूस में भारी संख्या में जन समर्थन जुटा कर अपनी चुनावी ताकत का अहसास विपक्षियों को करा दिया है। पार्टी द्वारा दी गई तिथि के अनुसार लोकसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को पहले से तैयारी के लिए आदेशित कर दिया गया था। नामांकन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी के आलावा जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को भी आना था लेकिन किन्हीं कारणों के चलते स्वतंत्र देव सिंह नहीं आ सके। जबकि प्रदेशाध्यक्ष अपने निर्धारित समय से पहुंचे। जहां उनका स्वागत भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने किया। उसके बाद प्रदेशाध्यक्ष राजकीय इंटर कॉलेज पहुंचे। जहां समूचे लोकसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्तिथि थे। भूपेंद्र चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उनके साथ मंत्री राकेश सचान एवं विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी मौजूद थे। भानु प्रताप वर्मा ने तीन सेट पहले ही दाखिल कर दिए थे शुक्रवार को एक और सेट दाखिल किया। उनके साथ प्रमुख रूप से माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, उरई विधायक गौरी शंकर वर्मा, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित पूर्व जिलाध्यक्ष उदयन पालीवाल, जगदीश महाराज, वरिष्ठ पार्टी नेता संजय त्रिपाठी, कानपुर बुंदेलखंड प्रांत के सचिव संजीव उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# रूट मार्च कर दिया भयमुक्त मतदान का संदेश

**माधौगण (जालौन)।** माधौगण कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को लेकर माधौगण कोतवाली पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामों में एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च कर जनमानस को सुरक्षा का एहसास कराया गया।

मार्च के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ने कस्बा माधौगण एवं अन्य पोलिंग बूथों की ग्राम सभाओं में पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया और कहा कि सभी मतदाता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और भय मुक्त होकर मतदान करें। आयोग की मंशा के अनुरूप लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी। अगर किसी भी अराजकतत्व ने अराजकता फैलाने की कोशिश की या गलत तरीके से कमेंट किया, अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। उसको किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। वह कितनी भी पहुंच वाला हो, उसका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे ही होगा।

# एसडीएम ने पोलिंग बूथों का निरीक्षण कर परखी व्यवस्था

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिये प्रशासन के द्वारा इंतजाम किये जा रहे हैं। शुक्रवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने घूम-घूमकर कदौरा विकास खंड के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं के लिए व्यवस्था मुकम्मल रहना चाहिए।

दोपहर को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल ने प्राथमिक विद्यालय लोहरगांव, कन्या उच्चतर विद्यालय अकबरपुर तथा प्राथमिक विद्यालय निवाड़ी, प्राथमिक विद्यालय बरदौली, प्राथमिक विद्यालय काशीरामपुर आदि स्थानों के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्बन्धित कर्मचारियों को हिदायत दी है कि पोलिंग बूथों में मतदान के पहले बिजली, पानी, सफाई, रोशनी तथा रैम्प की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये। इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। पोलिंग बूथ को निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के मुताबिक पोलिंग बूथों में उचित व्यवस्था रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग बूथों में मतदाताओं की सुविधाओं की किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्र के पोलिंग बूथों का निरंतर भ्रमण किया जायेगा।


पोलिंग बूथों का निरीक्षण करते एसडीएम हेमंत पटेल। अमृत विचार

# खाद्य पदार्थों के लिए सैंपल, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** खाद्य पदार्थों में मिलावट को रोकने के लिए शुक्रकवार को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने दुकानों में जाकर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। कार्रवाई देखकर बाजार में हड़कंप मच गया।

आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं जिलाधिकारी के आदेशानुसार जनपद जालौन में सचल दल का गठन कर विशेष अभियान चलाकर खाद्य कारोबारियों के निरीक्षण कर नमूना संग्रहण की कार्रवाई की की। इसमें रिलांयस मार्ट कालपी रोड उरई से पेय पदार्थ कोल्ड ड्रिंक, श्रीराम इण्टर प्राईजेज प्रो. योगेन्द्र कुमार गुप्ता अकबर मार्केट से पेय पदार्थ प्रोटीन सप्लीमेंट, राधारानी ट्रेडर्स अजनारी रोड उरई से खाद्य पदार्थ हार्लेक्स, निगोतिया ड्रग हाउस अकबर मार्केट उरई से पेय पदार्थ ग्लूकोन-डी, बालेन्द्र एनर्जी फूड पॉलिटेक्निक के पीछे नया पटेल नगर उरई से खाद्य पदार्थ धनिया मसाला व गरम मसाला, अंजनी वर्मा पुत्र नन्नू कुईया रोड नियर विवेकानन्द स्कूल के पास से खाद्य पदार्थ मिर्च मसाला, आरआर ड्रग सेन्टर प्रो. उदय करन पुत्र बलराम अकबर मार्केट उरई से खाद्य पदार्थ प्रोटीन पाउडर का नमूना लिया गया। उक्त नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार विधिक कार्रवाई की जायेगी। टीम के द्वारा जनपद के स्थानीय बाजारों के निरन्तर निरीक्षण किये जा रहे हैं व यह अभी आगे भी जारी रहेंगे। टीम में सहायक आयुक्त (खाद्य) डॉ. जतिन कुमार सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार आदि मौजूद रहे।


दुकान में जांच करने पहुंचा खाद्य सुरक्षा दल। अमृत विचार

● खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चलाया छापामार अभियान

# अंतिम दिन दस प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में नामांकन के अंतिम दिन शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय के सामने 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नागेन्द्र कुमार ने 1 सेट, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा ने 1 सेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने 1 सेट, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ने 1 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमलता वर्मा ने 2 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी दल सिंह ने 4 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी धर्मेंद्र ने 1 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी बृजबिहारी ने 1 सेट, अलहिन्द पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह ने 1 सेट, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नगेन्द्र कुमार ने 1 सेट, राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी ब्रजबिहारी ने 1 सेट दाखिल किया। अब तक 11 प्रत्याशियों ने 27 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं, इसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा के 4 सेट, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी सुरेश चंद्र गौतम के 3 सेट, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायनदास अहिरवार ने 4 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी प्रेमलता वर्मा ने 2 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी दल सिंह ने 4 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी धमेन्द्र ने 1 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी ब्रजमोहन ने 1 सेट, अलहिन्द पार्टी के प्रत्याशी गंगा सिंह ने 3 सेट, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के प्रत्याशी नगेन्द्र कुमार ने 2 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी धमेन्द्र ने 2 सेट, राष्ट्रवादी भारत पार्टी के प्रत्याशी ब्रजबिहारी ने 1 सेट दाखिल किया। सामान्य प्रेक्षक प्रदीप गांवडे केशोराव ने निर्वाचन आयोग के निर्देश के तहत निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के साथ निर्वाचन संपन्न कराने के दृष्टिगत नामांकन कक्ष में उपस्थित रहकर प्रेक्षण किया।

# कोतवाली पहुंचकर किया प्रदर्शन

संवाददाता,कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** जनपद जालौन के कालपी कोतवाली के यमुना पट्टी के व्यास मंदिर और जौधर रपटे के बीच सड़क किनारे रविवार रात 8:30 बजे लोगों ने एक बाइक, साइकिल व 2 लोगों को मौके पर घायल पड़ा देखा था। दोनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां बाइक सवार की मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने साइकिल सवार तथा चार अज्ञात लोगों पर मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। वहीं पुलिस ने गत मंगलवार को दी गयी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया था व पीएम रिपोर्ट के आधार पर सम्बंधित धाराएं बढ़ाये जाने की बात कही गई थी। पुलिस द्वारा सभी आरोपियों को चिन्हित कर पकड़ने व जेल भेजने, एवं धारा 308 को हत्या की धारा में तब्दील न किये जाने के कारण मृतक के मोहल्ले में आक्रोश व्याप्त हो गया। आधा सैकड़ा से अधिक महिलाएं व लोग शुक्रवार दोपहर हाथों में मृतक सेल्समैन की फोटो लेकर इंसाफ की मांग व नारेबाजी करते हुए कोतवाली कालपी पहुंचे। मौजूद उपनिरीक्षक राजेश सिंह एवं अमर सिंह से न्याय की मांग की व वहीं धरने पर बैठ गए। जिससे पुलिस प्रशासन बैकफुट पर आ गया। आनन फानन में सीओ देवेंद्र पचौरी मौके पर आए तो महिलाओं ने हत्या के दोषियों को पकड़ने की मांग की और कहा कि कालपी पुलिस इस मामले में लापरवाही बरत रही है और हत्या के मामले को दुर्घटना का रूप देना चाहती है और हत्यारोपियों को बचाने में जुटी है। सीओ देवेंद्र पचौरी ने मृतक के परिजनों से बात कर 3 दिन के भीतर मामले में उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।


कालपी कोतवाली में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

● सेल्समैन की मौत के मामले में गिरफ्तारी की मांग

## कैडेट्स को सिखाया आपदा प्रबंधन और अनुशासन



**कालपी( जालौन)।** यूपी वाहिनी एनसीसी उरई के अंतर्गत दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर जवाहर नवोदय विद्यालय उरई में शुक्रवार से शुरू हुआ। 58 यूपी वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल दुष्यन्त सिंह चौहान के निर्देशन में अधिकारी नीलेश कुमार झा के मार्गदर्शन में 400 कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेट्स को ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, आपदा प्रबंधन, शारीरिक शिक्षा, लीडरशिप, कौशल प्रशिक्षण, योग सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि के बारे सिखाया जाएगा। ओपेनिंग एड्रेस में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रतिमा पुरी, लेफ्टिनेंट गणेश दत्त पांडेय, लेफ्टिनेंट विक्रमादित्य सिंह यादव, लेफ्टिनेंट राजमणि, थर्ड अफसर नीलम कुमारी, सूबेदार मेजर सुरेन्द्र कुमार व समस्त पीआई स्टाफ एवं सिविल स्टाफ के कर्मचारी भी शामिल रहे। कमान अधिकारी ने कैडेट्स को प्रोत्साहित करते हुए उच्च अनुशासन एवं सैनिक प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। नीलेश कुमार झा ने साहस व नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने के लिए कैडेट्स को विस्तार से जानकारी दी।

# आंत में छेद, स्तन कैंसर का किया ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, उरई (जालौन)

● दोनों मरीजों को अस्पताल से दी गई छुट्टी
● एक हफ्ता पूर्व मेडिकल कॉलेज आए थे दोनों मरीज

**अमृत विचार।** मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों ने एक मरीज के आंत में छेद होने व दूसरे मरीज के स्तन कैंसर का ऑपरेशन किया गया। शुक्रवार के दिन दोनों मरीज को डिस्चार्ज किया गया। दोनों मरीजों का मेडिकल कॉलेज की सर्जरी ओटी में सफल ऑपरेशन किया गया। प्राचार्य डॉ. आर के मौर्या व सीएमएस डॉ प्रशांत निरंजन व सर्जरी विभागध्यक्ष डॉ निशान्त सक्सेना ने मेडिकल टीम की सराहना की। बता दें कि एक माह पूर्व 65 वर्षीय चेतराम पुत्र घनश्याम निवासी कालपी को पेट में दर्द उठा था। मरीज ने कई जगहों पर अपना उपचार कराया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उसे आंत में छेद होने की जानकारी दी। इसके बाद सभी ने मरीज को लखनऊ व दिल्ली जाकर इलाज की सलाह दी।

करीब एक हफ्ता पूर्व मरीज राजकीय मेडिकल कॉलेज आया। मरीज की हालत गंभीर थी और उसको ऑपरेशन की सख्त जरूरत थी। मरीज के अमाशय में 2-3 सेमी का छेद था। जिसको डॉ. नीरज राजपूत सर्जन ने देखा और ऑपरेशन द्वारा छेद बंद करके पेट से दूसरा रास्ता बनाया। अब मरीज ठीक है। इसी तरह 63 वर्षीय राममूर्ति की पत्नी ललता, निवासी औरैया को दाए तरफ स्तन कैंसर था, पैसे के अभाव में अपना इलाज नहीं हो पा रहा था। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर को दिखाने के बाद डॉक्टर ने मरीज की सभी जांच करके रिपोर्ट आने के बाद मरीज का सफल ऑपरेशन किया गया। दोनों मरीजों के सफल ऑपरेशन करने वाली टीम में डॉ. नीरज राजपूत, डॉ. आदर्श डांडे, डॉ. रेनू गौतम, जे आर टू, डॉ. अरुण चौधरी जेआर वन, डॉ. कीर्ति, डॉ. भावना ओटी स्टाफ में नर्स वंदना सचान रहीं।

## सार-संक्षेप

### पत्नी से विवाद करने पर पति गिरफ्तार

**कालपी (जालौन)।** पत्नी से विवाद करना पति को महंगा पड़ गया। शिकायत मिलने पर कोतवाली पुलिस के द्वारा आरोपी पति को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक में रहने वाली पत्नी ने पुलिस में अपने पति के खिलाफ शिकायत की थी। ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह ने आरोपी पति सीताराम पुत्र जुगल किशोर निवासी ग्राम छौंक को पकड़कर शांति भंग की धारा में चालान कर दिया।

### पहले करो मतदान, फिर जलपान

**जालौन।** मतदान जागरुकता के तहत रैली निकाली गई। जागरुकता यात्रा शुक्रवार को कदौरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चमारी में निकाली गई। प्रधान बृजेश कुमार गौतम व ग्राम विकास अधिकारी पवन कुमार सोनी,जूनियर स्कूल के प्रधानाचार्य संजय दुबे,सहायक अध्यापक विनीत कुमार,आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता माधुरी व उप स्वास्थ्य केंद्र राठौर ने गांव के सभी मतदाताओं को जागरूक किया और गली मोहल्ला में हर घर तक जाकर आने वाली 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान करने की अपील की। कहा कि पहले मतदान करना है, उसके बाद जलपान आदि काम करें।

परखी व्यवस्था | अपर निदेशक डॉ .सुमन ने कमियां दूर करने के दिये निर्देश

# सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता,कालपी(जालौन)

**अमृत विचार।** झांसी मंडल अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा डॉ. सुमन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीएचसी का घूम-घूमकर निरीक्षण किया तथा कमियां पाए जाने पर मौके पर मौजूद चिकित्सकों तथा कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देकर सुधार करने की हिदायत दी।

लखनऊ से कानपुर जाते समय दोपहर को अचानक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक ने भीषण गर्मी को देखते हुए ओपीडी तथा वार्ड में भर्ती मरीजों के हालचाल जाने व रोगियों को बेहतर उपचार सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने प्रयोगशाला व लैब के निरीक्षण के दौरान मशीनों की खराबी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने कहा कि जांचों के लिए मरीजों को परेशान नहीं किया जाए व मशीनों को ठीक कराकर सीएचसी परिसर में ही जांच कराई जाए। कोल्ड चैन में वैक्सीन दवाइयों के रखरखाव की स्थिति को देखी। अपर निदेशक ने औषधि भंडारण कक्ष तथा औषधि वितरण कक्ष का भी निरीक्षण करके अभिलेखों से दवाइयों का मिलान किया। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम की वजह से दवाइयों का पर्याय स्टॉक रहना चाहिए। चिकित्साधिकारी डॉ. रूबी सिंह, डॉ. शेख शहरयार, डॉ. गोपालजी द्विवेदी आदि जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों से अपर निदेशक ने सीएचसी में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कमियां पाई गई हैं उन्हें जल्द से जल्द ठीक किया जाए तथा परिसर में स्वच्छता बनाये रखने पर भी जोर दिया।


कालपी सीएचसी का निरीक्षण करतीं अपर निदेशक डॉ सुमन। अमृत विचार

# कालपी में जन्म लेना गौरव की बात, कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता,कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** कालपी धाम के तरीबुलदा में स्थित पौराणिक मंदिर भीमसेनी हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस भागवताचार्य राम और श्याम महाराज ने कालपी धाम की महिमा पर चर्चा की। उन्होंने कहा की कालपी धाम में जन्म लेना हम सबके लिए गौरव की बात है, क्योंकि ये भूमि कोई साधारण भूमि नहीं है। इसी पावन भूमि में चार वेद एवं अठारह पुराणों के रचयिता वेदव्यासजी ने अवतार लिया जो भगवान नारायण के ही कलावतार हैं। महाराज ने बताया कि व्यास का वास्तविक नाम कृष्ण द्वैपायन था किन्तु इन्होंने एक वेद के चार खंड किये, कहने का तातपर्य वेदों के व्यास को बढ़ा दिया, इस लिए इन्हे वेदव्यास कहां जाता है। कालपी धाम के निकट ही पराशन गांव है जो की ऋषि पराशर जी की तपस्थली है। ऋषि पराशर एवं माता सत्यवती से व्यास जी का जन्म मां यमुना के पावन तट पर कालपी धाम में हुआ था, जहां दक्षिण भारत के लोगों ने बड़ा ही विशाल एवं दिव्य व्यास मंदिर का निर्माण किया है। उसी के निकट प्राचीन व्यास मंदिर भी है जिसे माता सत्यवती के वंशज आज भी संजोये हुए हैं। कालपी धाम जितना पौराणिक है उतना ऐतिहासिक भी है क्योंकि यही कालपी धाम महारानी लक्ष्मी बाई की कर्मभूमि भी है।


कथा सुनाते राम और श्याम महाराज।

# निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप

**माधौगढ (जालौन )।** नहर विभाग के तरसौर रजबहा में हो रही सीसी लाइनिंग में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का आरोप है। किसान राजू का कहना है कि अधिकारियों और ठेकेदार के मिली भगत से घटिया निर्माण हो रहा है। इसी तरह किसान सीताराम का कहना है कि सीसी लाइनिंग माधोगढ़ तहसील के बुढनपुरा के करीब मानक विहीन निर्माण हो रहा है। किसान रामकुमार ने कहा रजबहा के सीपेज की वजह से नुकसान होता है। किसान शिवकुमार का कहना है कि माधौगढ़ तहसील से मात्र 3 किमी दूर बुढनपुरा के पास बंबा में पटरी बनाने के नाम पर खानापूर्ति है। विधायक मूलचंद निरंजन ने रजबाहा की पटरी पक्की बनवाने की स्वीकृति दी थी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में गार्गी सिंह वर्मा लिख गया है जो गलत है। कृपया इसे गार्गी सिंह करने की कृपा करें। – **आकांक्षा सिंह (माता), निवासी– 330. संजय गांधीपुरम, लखनऊ**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र अरबाज द्वारा भाग कर शादी करने एवं मेरे साथ आए दिन मारपीट एवं प्रताड़ित करने से तंग आकर पुत्र अरबाज और उसकी पत्नी खुशनुमा के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल–अचल सम्पत्ति से पुत्र अरबाज एवं उसकी पत्नी खुशनुमा को बेदखल करती हूं। – **चुन्नी उर्फ सदरुन पत्नी स्व. ताजुल हसन, निवासी– ग्राम –गाजीपुर, जिला– फतेहपुर**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रूपा निषाद मनमानी करते हुए वीरू निषाद निवासी केएनआई से विवाह कर लिया है, जिससे मेरे परिवार की काफी बदनामी हुई है। मैं सपत्नीक रूपा निषाद को बेदखल करते हुए उससे सभी प्रकार के संबंधों से नाता तोडता हूं। उसके सभी क्रियाकलापों से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नहीं है। **मनीराम पुत्र काशीराम व कुसुमा पत्नी मनीराम निवासी वलीपुर, पोस्ट– केएनआई, थाना कोतवाली नगर, सुलतानपुर।**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा ने भारतीय जीवन बीमा निगम गोण्डा से पालिसी संख्या 218353953 खरीदी थी जिसमें नामिनी में श्रीमती भानमती दर्ज है जबकि सही नाम गुडिया देवी उर्फ श्रीमती भानमती पत्नी स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा निवासी ग्राम घांचा वीकापपुर मजरा घांचा कुर्मी पुरवा पोस्ट घांचा बीकापुर तहसील/थाना तंरबगंज जिला गोण्डा

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश जसवीर कौर (JASAVEER KAUR) दर्ज हो गया था जबकि सही नाम जसबीर कौर (JASBIR KAUR) है, मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाये। **जसबीर कौर पत्नी जुझहार सिंह नि. कानपुर रोड, भल्ला फार्म, कुशहरी पो. आशा खेड़ा जि. उन्नाव।**

